# दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। सोमवार 05 मई-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 135 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3










# इंदिरापुरम में जीडीए देने जा रहा है निजी हाथों में तीन प्रमुख पार्क

## - बदले जाएंगे नाम और एंट्री के लिये चुकाने होंगे दाम

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम भले ही नगर निगम को हैंडओवर कर दिया गया है, लेकिन यहां जीडीए ने अभी प्रमुख पार्क अपने कब्जे में रखे हैं। दरअसल जीडीए इन पार्कों के बदले निगम से एकमुश्त रकम चाहता है और अब जीडीए ने ये तय किया है कि वो अब इन पार्कों को प्राइवेट हाथों में देगा। इसे खुली निलामी में लीज पर दिया जाएगा। इसके लिये जीडीए ने तैयारी कर ली है और जो भी कंपनी इन पार्कों को जीडीए से लेगी वह इन पार्कों में आने वाले लोगों से एंट्री चार्ज वसूलेगी और रकम से पार्कों को विकसित किया जाएगा। जीडीए ने इसके लिये टेंडर आमंत्रित कर लिये हैं। इन पार्कों का नाम भी बदला जाएगा और नाम बदलने के बाद पार्कों के ऑपरेशन और मेंटीनेंस निजी संस्था को दिये जाएंगे।

### 20 साल के लिये दिया जाएगा पार्कों को लीज पर

**करंट क्राइम।** पार्कों को विकासित करने के लिये जीडीए इन्हें निजी हाथों में देगा। बताया जाता है कि यह 20 साल के लिये दिये जाएंगे और यहां अनुमानित लागत लगभग 14 करोड़ रुपए आएगी।



### हाथी पार्क का नाम हो जाएगा संस्कृति दर्शन पार्क

**करंट क्राइम।** इंदिरापुरम के हाथी पार्क का नाम हाथी पार्क नहीं रहेगा। हाथी पार्क का नया नाम अब संस्कृति दर्शन पार्क होगा। यहां इस पार्क का नाम रानी आवंती बाई पार्क भी हो सकता है। इस पार्क के अलावा अब नींबू पार्क का नाम भी ग्रीनवुड पार्क हो जाएगा। यहां पर तीसरे को लेकर अभी तय नहीं हुआ है, क्योंकि बताया जाता है कि उस पार्क में फिलहाल जीडीए की नर्सरी चल रही है।

### जीडीए का रहेगा शेयर और फिक्स होगी लाइसेंस फीस

**करंट क्राइम।** यहां पर जीडीए की योजना इन पार्कों को निजी हाथों में देकर इससे राजस्व कमाने की है। इसके लिये उसने शेयर प्लान भी बनाया है। यहां एंट्री टिकट के साथ-साथ विज्ञान से भी आय होगी और पार्किंग से भी आय होगी तथा जो निर्धारित फीस है वो दुकानों से ली जाएगी। इन पार्कों को जो भी दुकान संचालित होंगी उनकी फीस 100 रुपए प्रति स्कवायर फीट के हिसाब से ली जाएगी।

### लगेगी सोलर लाइट और दिखेगा वेस्ट टू वंडर का जलवा

**करंट क्राइम।** जीडीए जिन पार्कों को लीज पर देगा, उन पार्कों में सौंदर्यीकरण भी होगा, लोगों के लिये मनोरंजन भी होगा और हरियाली भी आएगी। जिन भी कंपनियों को इन्हें दिया जाएगा, उन कंपनियों को कुछ खास नियम का पालन करना होगा। यहां पर रोशनी के लिये जितनी भी लाइट लगेंगी वो सौर ऊर्जा से संचालित होगी। इसके अलावा ऐसे पौधे लगाए जाएंगे जिनसे पक्षी आकर्षित होकर आएं। पक्षियों का कलरवल इन पार्कों में सुनाई देगा। इसके अलावा पार्कों में झूले लगाए जाएंगे। कैंटीन का इंतजाम होगा और पार्किंग की सुविधा होगी। वहीं हाथी वाले पार्क जिसका नाम सांस्कृति दर्शन पार्क होगा उसमें वेस्ट टू वंडर की थीम पर काम होगा। यहां बेकार उत्पादों से कलात्मक कलाकृतियां बनाकर इसे सजाया जाएगा।

### पार्क विकसित होने से जनता को मिलेगा लाभ: धीरज अग्रवाल

**करंट क्राइम।** क्षेत्रीय पार्षद धीरज अग्रवाल का कहना है कि इन पार्कों को निजी हाथों में दिये जाने के बाद जहां पार्कों का विकास होगा वहीं




क्षेत्रीय जनता को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्हें क्षेत्र में ही हरे भरे सुविधायुक्त पार्क मिलेंगे। क्षेत्र में हारियाली भी होगी और इन पार्कों के विकसित होने से क्षेत्र का फायदा है। यहां इसके बाद सभ्य लोग आएंगे। अभी तक इन पार्कों की देखभाल ठीक से ना होने के कारण ये पार्क असामाजिक तत्वों का अड्डा बने हुए हैं और यहां कई बार आसपास के दूसरे इलाकों से भी युवक क्रिकेट खेलने आते हैं जिससे पार्क के पौधों को क्षति पहुंचती है।

## पहलगाम हमले पर राजनाथ सिंह बोले-

# 'देश जैसा चाहता है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उसी भाषा में देंगे जवाब'

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद से ही देशभर में पाकिस्तान के खिलाफ गुस्से का माहौल बना हुआ है। इस बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार (4 मई,2025) को दिल्ली में संस्कृति जागरण महोत्सव में पाकिस्तान को कड़े शब्दों में चेतावनी दी। राजनाथ सिंह ने कहा कि देश के ऊपर आंख उठाने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा।



उन्होंने कहा कि देश के रक्षा मंत्री के तौर पर मेरी जिम्मेदारी है कि हमारी सीमा की रक्षा हो।

केंद्रीय रक्षा मंत्री ने कहा कि देश के लोग जो चाहते हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुश्मन को उसी भाषा में जवाब देंगे। पीएम मोदी के नेतृत्व में जैसा आप चाहते हैं, वैसा होकर रहेगा। उन्होंने कहा कि दुनिया की कोई ताकत भारत को मिटा नहीं सकती है, भारत अमर रहेगा। उन्होंने कहा कि एक रक्षा मंत्री के रूप में मेरा दायित्व है कि मैं अपने सैनिकों के साथ मिलकर देश की सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करूं।

**'देश पर आंख उठाने वालों को मुंहतोड़ जवाब' :** राजनाथ सिंह ने कहा कि मेरा यह दायित्व है कि मैं अपनी सेना के साथ मिलकर देश पर आंख उठाने वालों को मुंहतोड़ जवाब दूं। उन्होंने कहा कि भारत की शक्ति केवल उसकी सैन्य ताकत में नहीं, बल्कि उसकी संस्कृति और अध्यात्म में भी है. उन्होंने कहा कि इतिहास साक्षी है कि भारत के संतों ने केवल आध्यात्मिक उपदेश ही नहीं दिए, बल्कि समाज सुधार, शिक्षा और राष्ट्रीय एकता के लिए भी अग्रणी भूमिका निभाई है।

**'भारत की भूमि को ऋषियों-मुनियों ने अपने विचारों से सींचा' :** उन्होंने कहा, "जहां एक तरफ, हमारे संत संस्कृति की रक्षा करते हैं तो वही दूसरी तरफ हमारे सैनिक, हमारे सीमाओं की रक्षा करते हैं।

जहां एक तरफ हमारे संत, जीवन भूमि में लड़ते हैं तो वहीं दूसरी तरफ हमारे सैनिक रण भूमि में लड़ते हैं।" उन्होंने कहा कि भारत वह भूमि है, जिसे हमारे ऋषि-मुनियों ने अपने विचारों से सींचा है. यह बिल्कुल सत्य बात है, लेकिन इसके साथ-साथ, यह भी सत्य है कि भारत की आत्मा यदि ऋषियों ने रची है तो उस आत्मा की रक्षा हमारे वीरों ने की है।

## इसलिए हो जाता है विपक्ष का गाजियाबाद में पैकअप!

# मुद्दों को लेकर भाजपा तैयार कर लेती है पहले ही अपना बैकअप

### वक्फ बोर्ड बिल, वन नेशन - वन इलेक्शन और जातिगत जनगणना को लेकर भाजपा है पूरी तरह एक्टिव



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में सरकार का काम अपनी योजनाओं को लाना है और विपक्ष का काम पुरजोर तरीके से विरोध करना है। भाजपा अपनी योजनाओं को लाती है और गाजियबाद की बात करें तो यहां जनता ये सोचती है कि विपक्ष विरोध करेगा, लेकिन यहां मुद्दों का बैकअप लेकर भाजपा आती है और विपक्ष की राजनीति का पैकअप कर देती है। भाजपा की रणनीति देखें तो वो अपनी हर योजना पर एक रणनीति के तहत काम करती हुई आती है। वक्फ बोर्ड को लेकर भाजपा ने निर्णायक लड़ाई लोकसभा में जीत ली, लेकिन इतने के बाद भी भाजपा जनता के बीच है, वो वक्फ बोर्ड के फायदों को समझाने के लिये अपने नेताओं की फौज मुस्लिम क्षेत्रों में उतार रही है। उसका आयाम आया कि भाजपा के नेता मुस्लिम बस्तियों में जाएंगे, उन्हें वक्फ के नये कानून के फायदे बताएंगे। इसके लिये बाकायदा टीम तैयार हुई और क्षेत्र का वर्गीकरण हुआ और प्रभारी बनाए गए। विपक्ष को वक्फ के नये कानून का विरोध करना है, लेकिन उसके कौन से नेता कहां जाएंगे ये नहीं पता। वो क्या नुकसान बताएंगे ये नहीं पता और ब्ड़ी बात तो ये है कि विपक्ष का कोई नेता दिखाई ही नहीं देता। वन नेशन - वन इलेक्शन की बात हो तो भाजपा के कार्यकर्ता जनता के बीच हैं, भाजपा नेता जनता के बीच हैं, वो इसके फायदे बता रहे हैं। वो एक माहौल बना रहे हैं। इसी तरह अब जब जातिगत जनगणना का फैसला सरकार ने लिया है तो भाजपा फिर मैदान में आ गई है। विपक्ष के नेता जातिगत जनगणना को लेकर टीवी पर तो दिख रहे हैं, लेकिन वो सड़क पर नहीं हैं। वहीं भाजपा अपने बैकअप के साथ मुद्दे पर है और वो वक्फ बिल को लेकर मैदान में है, जबकि लोकल में विपक्ष खामोश है।

भाजपा घर-घर जा रही है, वो अभियान चला रही है और जातिगण जनगणना के मुद्दे पर भी विपक्ष को मैदान में आना चाहिए, लेकिन भाजपा इस मुद्दे को भी कवरअप कर रही है। वो ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप जैसे नेताओं को मैदान में ले आई है। जबकि विपक्ष की बात करें तो यहां समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव अभिषेक गर्ग जैसे नेता जरूर बोल रहे हैं और वो अपने बयान मीडिया में भी दे रहे हैं, लेकिन बाकी के नेता वो भी नहीं कर रहे हैं।

### विपक्ष अध्यक्ष बदल रहा है, हालात नहीं

अगर गाजियाबाद की विपक्षी राजनीति की बात करें तो वो अपने अध्यक्षों को तो बदल रहा है, लेकिन सियासी हालात को नहीं बदल रहा है। कड़वा सच यही है कि धरना प्रदर्शन करने के लिये उसके पास कार्यकर्ता ही नहीं है। विपक्ष आपसी गुटबाजी का शिकार है। जब तक विपक्ष किसी मुद्दे पर सोचता है तब तो भाजपा बैकअप के साथ आ जाती है। विपक्ष यहां अपने अध्यक्ष बदल रहा है। कांग्रेस ने अपने जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष बदल दिये। समाजवादी पार्टी ने भी अपने जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष बदल दिये। बसपा ने भी अपना जिलाध्यक्ष बदला और महानगर अध्यक्ष पद भी तैनाती कर दी। रालोद फिलहाल सरकार की सहयोगी भूमिका में है वो इसलिये खामोश है। विपक्ष की बात करें तो वो यहां हालात बदलने के बजाए अपने अध्यक्ष बदल रहा है।

### कांग्रेस के महिला विंग ने जरूर खोला मोर्चा



जातिगत जनगणना को लेकर जहां विपक्ष खामोश है वहीं कांग्रेस के महिला विंग ने जरूर मोर्चा खोला। कांग्रेस की महिला विंग की अध्यक्ष सोनल नागर ने जातिगत जनगणना के फैसले को कांग्रेस के राहुल गांधी द्वारा किये गये संघर्ष की जीत बताया। उन्होंने महिला कांग्रेस की टीम के साथ जुलूस निकालकर कहा कि देश की 90 प्रतिशत आबादी को अपनी भागीदारी मिले इसके लिये जातिगत जनगणना जरूरी है।

# कमिश्नरेट पुलिस लगाएगी 'कार-ओ-बार' पर रोक

## जारी रहेगा तीनों जोन में पुलिस का अभियान रोज







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में पुलिस कारोबार अभियान को जारी रखेगी और इस अभियान के तहत लगातार कार्रवाई होगी। इसे रोक लगाने के लिए प्रतिदिन अलग-अलग इलाकों में इस अभियान को चलाया जाएगा। दरअसल यहां पर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा चलाए जा रहे अभियान 'कार-ओ-बार' की हो रही है, जिसमें प्रत्येक थानाक्षेत्र और जोन में प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक अलग-अलग सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

साथ ही कार के अंदर जाम छलकाने वालों को किसी भी सूरत में छोड़ा नहीं जाएगा। उनपर कार्रवाई की जाएगी और लगातार इस अभियान में तीन बार पकड़े जाने पर उन्हें लंबे समय के लिए शांति व्यवस्था भंग के मामले में जेल भी भेजा जा सकता है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में नए अधिकारी आने के बाद भी इस अभियान को सफलतापूर्वक जारी रखा जाएगा।

### पॉश इलाकों से लेकर प्रमुख चौराहों पर भी चलेगा ऑपरेशन 'कार-ओ-बार'

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के अंतर्गत आने वाले सिटी, नदिया पार और ग्रामीण जोन में प्रतिदिन ऑपरेशन कारोबार चलाया जाएगा यानी किसी भी सार्वजनिक स्थान पर कार के अंदर लोग शराब पीते हुए मिले या सार्वजनिक स्थान पर अपने वाहन के अंदर बैठकर जाम छलकाए तो उनपर पुलिस कार्रवाई करेगी। दरअसल इन अभियान का मकसद कानून व्यवस्था की स्थिति को मजबूत बनाने के साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर शराब न परोसी जाए इसको कठोरता से पालन करवाना है। इसके लिए सभी थाना प्रभारियों और चौकी प्रभारियों को निर्देश दिए जा चुके हैं।

### एडिशनल सीपी अपराध एवं कानून व्यवस्था जानेंगे अभियान का हाल





करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एडिशनल सीपी अपराध एवं कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालने वाले आलोक प्रियदर्शी पुलिस कमिश्नर द्वारा शुरू किए गए ऑपरेशन कारोबार के रियलिटी टेस्ट को फील्ड पर उतर कर जाने का काम करेंगे। साथ ही लापरवाही मिलने और शिकायत मिलने पर इस मामले में अधीनस्थों पर कार्रवाई भी की जाएगी।

# कमिश्नर जे रविंदर गौड़ के फैसले से चालान अभियान में आई भारी कमी

## पहले कट रहे थे प्रतिदिन 5000 से ज्यादा चालान, अब कट रहे हैं 1500 के आसपास



### पुलिस कमिश्नर के आदेश से आम लोगों को मिली सहूलियत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ द्वारा गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में यातायात पुलिस के ट्रैफिक प्रभारियों ,उपनिरीक्षको को अब कमिश्नरेट सिस्टम में चालान कटाने का अधिकार दिया है। जिसका धीरे-धीरे असर होने लगा है और सीधा लाभ आम जनता को हो रहा है। इस आदेश से पूर्व पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में प्रत्येक चौराहे, रेड लाइट्स और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर यातायात पुलिस के कांस्टेबल ,हेड कांस्टेबल, सब इंस्पेक्टर और इंस्पेक्टर चालान वाली कार्रवाई करने के लिए सुबह से लेकर देर रात तक सड़कों पर रहते थे। तो वहीं गली मोहल्ले और लोकल रास्तों में भी नियम तोड़ने वालों के चालान काटे जाते थे, तो चालान काटने का रिकॉर्ड बनाने के लिए कई बार लोगों के बेवजह भी चालान काटने जैसी गंभीर शिकायतें सामने पूर्व में आई थी। इस समस्या को कम करने और लोगों को बेवजह परेशान ना किया जाए, इसको लेकर बीते दिनों पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ ने नया फरमान सुनाया था। जिसके बाद गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में प्रतिदिन कटने वाले चलानो की संख्या में भारी गिरावट दर्ज की गई है। इसका सीधा लाभ आम जनता को पहुंचना शुरू हो गया है।पहले कट रहे थे प्रतिदिन 5000 से ज्यादा, अब आंकड़ा आधे से भी हो गया कम

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार अप्रैल माह में जहां प्रतिदिन 5000 से अधिक चालान पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले तीनों जोन में काटे जा रहे थे। तो अब बीते करीब 10 दिनों की बात की जाए तो इस आंकड़े में भारी कमी दर्ज की गई है। अब प्रतिदिन तीनों जोन मिलाकर चलानों की संख्या 1500 से 2000 के बीच ही अधिकतम पहुंच रही है, जबकि पहले प्रतिदिन 5000 से अधिक वाहन चालकों पर चालान वाली कार्रवाई हो रही थी। दरअसल पुलिस कमिश्नर द्वारा कमिश्नरेट में अब यातायात पुलिस में इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर की मौजूदगी में ही वाहन चालकों पर कार्रवाई और चालान करने का निर्देश दिया है। जिसका असर जनता को राहत के रूप में मिल रहा है। पहले लोग आरोप भी लगाते थे कि उनका चालान बेवजह कर दिया गया है जबकि वह नियम अनुसार चल रहे थे।

### पुलिसकर्मियों पर भी रहता था अतिरिक्त चालान का दबाव



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ट्रैफिक पुलिस के कांस्टेबल, हेड कांस्टेबल पर प्रतिदिन 200 से अधिक चालान करने का अतिरिक्त दबाव रहता था। बताया जा रहा है कि उनके विभाग के शीर्ष अधिकारियों द्वारा उन्हें निर्देशित किया गया था कि नियम तोड़ते ही लोगों पर चालान वाली कार्रवाई की जाए। ना की ऐसे लोगों से मौखिक वार्ता या उन्हें सुझाव दिया जाए। इसका खामियाजा लोगों को चालान की बड़ी धनराशि चुका कर उठना पड़ता था। वहीं लोक अदालत में भी यातायात नियमों के उल्लंघन वाले चलानो की संख्या हजारों में पहुंचती थी।

### अब केवल निर्धारित स्टाफ ही काटेगा वाहनों का चालान

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर के इस फरमान का कमिश्नरेट की जनता और अन्य लोगों को लाभ मिलना शुरू हो गया है। कमिश्नरेट सिस्टम बनने के बाद भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और आमजन के साथ ही व्यापारियों ने कई बार अत्यधिक चालान वाली कार्रवाई होने का विषय गंभीरता के साथ उठाया था। तो वही गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री असीम अरुण के कार्यक्रमों में भी लोगों ने गाजियाबाद पुलिस द्वारा नाजायज परेशान करने और चालान जबरदस्ती करने के आरोप लगाए थे। इसका संज्ञान लेते हुए नए कमिश्नर जे रविंदर गौड़ ने किसी विवाद से बचने और आमजन को परेशानी ना हो, इसको लेकर ट्रैफिक पुलिस में इंस्पेक्टर और सब इंस्पेक्टर को ही चालन वाली कार्रवाई करने का अधिकार दिया है। जिसका असर अब कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में तेजी से होता नजर आ रहा है।

# कूटनीति : भारत ने बगलिहार बांध से रोका चिनाब की नदी का पानी !

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ 65 साल से चले आ रहे सिंधु जल समझौते को सस्पेंड कर दिया है। इसे कूटनीतिक तौर पर पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए भारत की ओर से उठाया गया सबसे बड़ा कदम माना जा रहा है। अब जानकारी के मुताबिक भारत ने चिनाब नदी पर बगलिहार बांध से पाकिस्तान को जाने वाले पानी का प्रवाह रोक दिया है और झेलम नदी पर किशनगंगा बांध पर भी इसी तरह का कदम उठाने की प्लानिंग चल रही है।



**किशनगंगा से भी रोकेगा पानी**

न्यूज एजेंसी पीटीआई को मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया कि जम्मू के रामबन में बगलिहार और उत्तरी कश्मीर में किशनगंगा हाइड्रो पावर डैम के जरिए भारत अपनी तरफ से पानी छोड़ने के टाइम को रेगुलेट कर सकता है। यानी इन बांधों के जरिए पाकिस्तान को पहुंचने वाले पानी को बिना किसी पूर्व चेतावनी के कम किया जा सकता है और फ्लो को बढ़ाया भी जा सकता है। भारत ने दशकों पुराने इस समझौते को पहलगाम आतंकी हमले के बाद सस्पेंड कर दिया था।

वर्ल्ड बैंक की मध्यस्थता में भारत-पाकिस्तान के बीच 1960 में सिंधु जल समझौता किया गया था। इसके तहत सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के पानी को दोनों देशों के बीच बांटने का फैसला हुआ था। चिनाब नदी पर बना बगलिहार बांध भी दोनों पड़ोसी देशों के बीच लंबे समय से विवाद का मुद्दा रहा है और पाकिस्तान ने पूर्व में विश्व बैंक से इस मामले में मध्यस्थता की मांग की थी। इसी तरह किशनगंगा बांध को भी कानूनी और कूटनीतिक जांच का सामना करना पड़ा है।

**पाक के लिए क्यों अहम सिंधु सिस्टम :** समझौते के तहत पाकिस्तान को सिंधु सिस्टम की पश्चिमी नदियों (सिंधु, चिनाब और झेलम) पर कंट्रोल दिया गया है। पाकिस्तान सिंधु नदी सिस्टम के करीब 93% पानी का इस्तेमाल सिंचाई और बिजली उत्पादन के लिए करता है और पड़ोसी देश की करीब 80% कृषि भूमि इसके पानी पर निर्भर करती है।

पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था में कृषि का अहम योगदान है। यही वजह है कि समझौता स्थगित होने के बाद पाकिस्तान लगातार जंग की धमकी दे रहा है।

सिंधु जल संधि स्थगित होने के बाद कराची की रिसर्च फर्म पाकिस्तान एग्रीकल्चर रिसर्च के घशारिब शौकत ने कहा कि भारत की कार्रवाई अनिश्चितता पैदा करती है। उन्होंने कहा कि इस वक्त हमारे पास कोई विकल्प नहीं है। संधि में शामिल नदियां न सिर्फ फसलों, बल्कि शहरों, बिजली उत्पादन और लाखों लोगों की रोजी-रोटी में भी अहम भूमिका निभाती हैं।

पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने तो समझौता स्थगित होने के बाद कहा था, 'सिंधु नदी में या तो हमारा पानी बहेगा, या उनका खून बहेगा।' इस बयान पर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी थी।

# भारत-पाक तनाव के बीच पीएम मोदी ने की एयर चीफ मार्शल से मुलाकात - सूत्र

**नई दिल्ली:** पहलगाम आतंकी हमले को लेकर सरकार किसी भी समय कोई बड़ा फैसला ले सकती है। पीएम मोदी बीते कुछ दिनों से सेना के वरिष्ठ अधिकारियों से इसे लेकर अलग-अलग बैठक भी कर रहे हैं। इसी क्रम में एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने रविवार को पीएम मोदी से मुलाकात की। वायुसेना प्रमुख के साथ यह मुलाकात प्रधानमंत्री और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी के बीच एक अलग बैठक के 24 घंटे से भी कम समय में हुई है। सूत्रों के अनुसार इस बैठक में पहलगाम आतंकी हमले के बाद मौजूद हालात पर बात की गई है।



प्रधानमंत्री मोदी ने इस सप्ताह की शुरूआत में आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक में रक्षा नेतृत्व को स्पष्ट निर्देश दिए कि भारतीय सशस्त्र बलों को हमले के प्रति देश की प्रतिक्रिया की प्रकृति, लक्ष्य और समय तय करने के पूरी आजादी है। पिछली बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और सेना, नौसेना और वायु सेना के प्रमुख मौजूद थे।

पाकिस्तान ने भारतीय पोतों के लिए बंदरगाह बंद किए। पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ नए दंडात्मक कदम उठाए जाने के कुछ ही घंटों बाद पाकिस्तान ने भी भारतीय ध्वज वाले पोतों के लिए अपने बंदरगाहों को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया है। इससे पहले, भारत ने इस्लामाबाद के खिलाफ नए दंडात्मक कदम उठाते हुए शनिवार को पाकिस्तान के साथ सभी डाक सेवाएं स्थगित कर दीं और भारतीय बंदरगाहों पर पाकिस्तानी ध्वज वाले पोतों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया। भारत ने पाकिस्तान से आने वाले या वहां से गुजरने वाले माल के आयात और अपने बंदरगाहों पर पाकिस्तानी पोतों के प्रवेश पर भी शनिवार को प्रतिबंध लगा दिया था।

# तैयारी : भारत को रूस से मिले 250 करोड़ के नए एयर डिफेंस मिसाइल

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना को रूस से अत्याधुनिक इग्ला-एस (कॅं-र) एयर डिफेंस मिसाइलें प्राप्त हुई हैं, जिससे देश की वायु रक्षा क्षमता में बड़ा इजाफा हुआ है। इन्हें अग्रिम मोर्चों पर तैनात किया जा रहा है ताकि दुश्मन के लड़ाकू विमान, ड्रोन और अटैक हेलिकॉप्टर को बेहद करीब से मार गिराया जा सके।



इन मिसाइलों की आपूर्ति 250 करोड़ रुपये के विशेष खरीद अनुबंध के तहत की गई है, जिसे भारतीय सेना ने रूस के साथ हस्ताक्षरित किया था। यह सौदा तत्काल परिचालन जरूरतों को ध्यान में रखते हुए किया गया है ताकि सीमावर्ती क्षेत्रों में वायु रक्षा को और सुदृढ़ किया जा सके। इस इन्वेंट्री बूस्ट से पाकिस्तान के साथ पश्चिमी मोर्चे पर सेना की मिसाइल क्षमता और मजबूत होगी।

**अचूक निशाना लगाती है ये मिसाइल :** सेना और वायुसेना के पास 1989 से ही पुरानी इग्ला-1एम सिस्टम है, लेकिन कंधे से दागी जाने वाली इग्ला-एस एक बेहतर संस्करण है जिसकी इंटरसेप्शन रेंज 6 किलोमीटर तक है। इन्हें एक सैनिक कंधे पर रखकर चला सकता है। ये लक्ष्य को पहचानने और लॉक करने के बाद ये अपने आप उसे भेद देती हैं।

इग्ला-एस एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल का वजन 10 ।8 किलोग्राम होता है। जबकि पूरे सिस्टम का वजन 18 किलोग्राम। सिस्टम की लंबाई 5 ।16 फीट होती है। व्यास 72 मिलिमीटर। इस मिसाइल की नोक पर 1 ।17 किलोग्राम वजन का विस्फोटक लगाया जाता है। कॅं-र की रेंज 5 से 6 किलोमीटर है। अधिकतम 11 हजार फीट तक जा सकती है।

# चारधाम यात्रा : भक्तों के लिए खुले बद्रीनाथ धाम के कपाट

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत हजारों श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**देहरादून/चमोली:** भूवैकुंठ बद्रीनारायण के धाम के कपाट आज सुबह छह बजे शुभ मुहूर्त पर श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिये गये। भगवान विष्णु को समर्पित श्री बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मौजूद रहे और भगवान विष्णु की पूजा अर्चना कर देश-प्रदेश की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। इस मौके पर हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।



शुभ मुहूर्त पर तीर्थ पुरोहितों ने पूर्ण विधि विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की। ढोल-नगाड़ों व आर्मी बैंड की मधुर धुन के बीच, हजारों की संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं ने 'जय बद्री विशाल' और 'बद्रीनाथ भगवान की जय' के जयकारे लगाए, जिससे पूरा बद्रीनाथ धाम परिसर भक्तिमय हो उठा। देश-विदेश से आए हजारों श्रद्धालु इस अलौकिक और पावन कपाटोद्घाटन पल के साक्षी बने।

**15 टन फूलों से सजाया गया मंदिर**

कपाटोद्घाटन से पहले श्री बद्रीनाथ मंदिर को लगभग 15 टन रंग-बिरंगे और सुगंधित फूलों से भव्य रूप से सजाया गया था, जिसने मंदिर की सुंदरता और भव्यता में चार चांद लगा दिए। आज सुबह से ही श्री बद्रीनाथ धाम के मुख्य पुजारी रावल, धर्माधिकारी और वेदपाठियों ने मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की। विधि-विधान से माता लक्ष्मी को गर्भ गृह से निकालकर मंदिर की परिक्रमा कराकर लक्ष्मी मंदिर में विराजमान किया गया। तत्पश्चात भगवान कुबेर जी व उद्धव जी को बद्री विशाल मंदिर के गर्भ गृह में विराजित किया गया। शुभ मुहूर्त पर, भगवान की चतुर्भुज मूर्ति को परंपरागत रूप से हटाए गए घृत कंबल से अलग कर उनका अभिषेक स्नान करवाया गया और आकर्षक श्रृंगार किया गया।

अब अगले छह महीने तक बैकुंठ धाम में भगवान की चतुर्भुज मूर्ति के साथ-साथ उद्धव, कुबेर, नारद और नर नारायण के दर्शन श्रद्धालु प्रतिदिन कर सकेंगे। मुख्य मंदिर के साथ ही बदरीनाथ धाम मंदिर परिक्रमा स्थित गणेश, घटाकर्ण, आदि केदारेश्वर और आदि गुरु शंकराचार्य मंदिर और माता मूर्ति मंदिर के कपाट भी इस यात्रा के लिए श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए हैं।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, यह माना जाता है कि वर्षभर में साल के 6 महीने मनुष्य भगवान विष्णु की पूजा करते हैं, जबकि बाकी के 6 महीने यहां देवता स्वयं भगवान विष्णु की आराधना करते हैं, जिसमें मुख्य पुजारी देवर्षि नारद होते हैं।

**श्रद्धालु करा लें रजिस्ट्रेशन :** चमोली पुलिस ने भी श्री बद्रीनाथ धाम की यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली है। चमोली पुलिस ने श्री बद्रीनाथ धाम की यात्रा पर आ रहे सभी श्रद्धालुओं का हार्दिक स्वागत किया। पुलिस प्रशासन ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि यात्रा पर आने से पूर्व अपना ऑफलाइन या ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अवश्य करवा लें, ताकि यात्रा प्रबंधन सुगम बना रहे।

# भारत के एक्शन से टेंशन में पाकिस्तान, अब भारतीय जहाजों के लिए बंद किए अपने बंदरगाह

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। पड़ोसी देश पर आर्थिक कार्रवाई की बाद अब पाकिस्तान ने भी जवाबी कार्रवाई की है। पाकिस्तान ने भारत से आने वाले जहाजों के लिए अपने बंदरगाह बंद कर दिए हैं। पाकिस्तान ने यह एक्शन भारत की कार्रवाई के कुछ घंटे बाद लिया है। बता दें, मोदी सरकार ने शनिवार को बड़ा फैसला लेते हुए पाकिस्तान से आयात पूरी तरह बंद कर दिया है।



पाकिस्तानी अखबार डॉन ने अपने समुद्री मामलों के मंत्रालय के बंदरगाहों और शिपिंग विंग के हवाले से बताया कि पड़ोसी देश के साथ समुद्री स्थिति के हालिया घटनाक्रम को देखते हुए, समुद्री संप्रभुता, आर्थिक हित और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए पाकिस्तान तत्काल प्रभाव से निम्नलिखित उपायों को लागू करता है: भारतीय ध्वजवाहकों को किसी भी पाकिस्तानी बंदरगाह पर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी, पाकिस्तानी ध्वजवाहक किसी भी भारतीय बंदरगाह पर नहीं जाएंगे (और) किसी भी छूट या छूट की जांच की जाएगी और मामले के आधार पर निर्णय लिया जाएगा।

एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, भारत ने राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक नीति चिंताओं का हवाला देते हुए पाकिस्तान से सभी वस्तुओं के आयात पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। जबकि 2019 के पुलवामा हमले के बाद 200% आयात शुल्क ने पहले ही प्रत्यक्ष व्यापार को कम कर दिया था, नए प्रतिबंध तीसरे देशों के माध्यम से आने वाले पाकिस्तानी सामानों को भी रोकते हैं।

यह कदम भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ कई दंडात्मक उपाय लागू करने के एक हफ़्ते बाद उठाया गया है झ जिसमें सिंधु जल संधि को निलंबित करना, अटारी भूमि सीमा क्रॉसिंग को बंद करना और हाल ही में हुए आतंकी हमले के जवाब में राजनयिक संबंधों को कम करना शामिल है।

बता दें, 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बना हुआ है। जिसमें 26 लोग मारे गए थे, जिनमें से ज्यादातर पर्यटक थे। बढ़ते तनाव के जवाब में भारत ने हवाई और जमीनी दोनों मार्गों से पाकिस्तान के साथ मेल और पार्सल एक्सचेंज को तत्काल निलंबित करने सहित कई एक्शन लिए हैं।

# वक्फ बोर्ड से कब्जा मुक्त कराई जाएगी 21 बीघा जमीन

## 110 करोड़ से ज्यादा है जमीन की कीमत

**अलीगढ़।** आठ दशक बाद एएमयू से अरबों रुपये की जमीन कब्जा मुक्त कराने के बाद अब नगर निगम अपनी अन्य जमीनों को लेने में जुट गया है। इसी क्रम में नौरंगाबाद रोड पर नगर निगम की 21 बीघा जमीन को कब्जा मुक्त कराने की तैयारी है। वर्तमान में इस जमीन पर वक्फ बोर्ड ने अपना दावा कर रखा है। इस जमीन की बाजार में कीमत 110 करोड़ रुपये से ऊपर है।



वक्फ बोर्ड द्वारा हाईकोर्ट में दायर किए गए मुकदमे में अब नगर निगम नए वक्फ कानून के तहत अपना पक्ष रखने जा रहा है। नए कानून के तहत प्रावधान है कि जो सरकारी जमीन है उस पर वक्फ नियम लागू नहीं होगा। इसी प्रावधान को आधार बना कर निगम कब्जा मुक्ति की तैयारी में जुटा है।

कोल तहसील के जीटी रोड नौरंगाबाद स्थित डीएवी बालक और डीएवी बालिका इंटर कॉलेज में बीच में गाटा संख्या 1995-2 में सात बीघा और छर्रा अड्डा बस स्टैंड पर गाटा संख्या 1996 में लगभग 14 बीघा जमीन है। इन दोनों जमीनों पर निगम ने चहारदीवारी कराकर कब्जा कर रखा है। मगर इन दोनों सरकारी जमीनों पर सेंट्रल सुन्नी वक्फ बोर्ड लखनऊ ने वक्फ कमेटियां गठित कर दी।



## निविदा सूचना

ट्रास्कफोर्स 47पीएसी गाजियाबाद में वित्तीय वर्ष 2025-26 में निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सील बन्द निविदायें दिनांक 09-05-2025 को 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. सं. | कार्य |
|---|---|
| 1 | प्रशासनिक भवन में स्थापित महिला शौचालय की दीवार पर टाईल्स लगवाये जाने का कार्य, शौचालय में वाशवेसिन मय आईना लगवाये जाने का कार्य, शौचालय की खिडकी में 02 शीशा लगवाये जाने का कार्य, टूटे फर्श के स्थान पर टाईल्स लगवाये जाने का कार्य। |
| 2 | प्रशासनिक भवन की शेष छत की मरम्मत का कार्य। |
| 3 | कार्यालय में स्थित रिकार्ड कक्ष में स्लेप डलवाये जाने का कार्य। |
| 4 | वाहिनी स्थित टाईप 4 के आवास में कमरा नम्बर-01 में जिप्सम सीलिंग कराये जाने का कार्य |
| 5 | वाहिनी स्थित टाईप 4 के आवास में कमरा नम्बर-02 में जिप्सम सीलिंग कराये जाने का कार्य |
| 6 | वाहिनी स्थित टाईप 4 के आवास में कमरा नम्बर-03 में जिप्सम सीलिंग कराये जाने का कार्य |
| 7 | वाहिनी स्थित टाईप-4 के आवास में कमरा नम्बर-04 में जिप्सम सीलिंग कराये जाने का कार्य |
| 8 | वाहिनी स्थित टाईप-4 के आवास में कमरा नम्बर-01 में पेन्ट कराये जाने का कार्य |
| 9 | वाहिनी स्थित टाईप-4 के आवास में कमरा नम्बर-02 में पेन्ट कराये जाने का कार्य |
| 10 | वाहिनी स्थित टाईप 4 के आवास में कमरा नम्बर-03 में पेन्ट कराये जाने का कार्य |
| 11 | वाहिनी स्थित टाईप-4 के आवास में कमरा नम्बर-04 में पेन्ट कराये जाने का कार्य |
| 12 | वाहिनी के 10 राजकीय आवास संख्या: C-27, C-32, C-35, D-40, E-49, E-50, E-52, E-57, E-59 एवं E-60 में 500 लीटर पानी की 01 अदद टंकी लगाये जाने का कार्य |
| 13 | वाहिनी के 10 राजकीय आवास संख्या: F-61, F-64, F-65, F-66, F-67, F-68, F-70, F-71, F-72 एवं G-75 में 500लीटर पानी की 01 अदद टंकी लगाये जाने का कार्य |
| 14 | वाहिनी के 10 राजकीय आवास संख्या: G-76, G-77, G-78, G-79, G-80, G-82, G-84, H-85, H-86 एवं H-87 में 500 लीटर पानी की 01 अदद टंकी लगाए जाने का कार्य |
| 15 | वाहिनी के 10 राजकीय आवास संख्या: H-88, H-89, H-90, H-91, H-92, H-93, H-94, H-95, H-96 एवं 1-97500 लीटर पानी की 01 अदद टंकी लगाए जाने का कार्य |
| 16 | वाहिनी के 10 राजकीय आवास संख्या: 1-100, 1-101, 1-105, 1-108, SF-01, SF-02, SF-05, SF-06, SF-13 एवं SF-15 में 500 लीटर पानी की 01 अदद टंकी लगाये जाने का कार्य |
| 17 | वाहिनी के 10 राजकीय आवास संख्या: SF-17, SF-18, SF-21, SF-22, SF-23, SF-24, PC-01, PC-02, PC-03 एवं PC-04 में 500 लीटर पानी की 01 अदद टंकी लगाये जाने का कार्य |
| 18 | वाहिनी के 10 राजकीय आवास संख्या: PC-06, PC-07, PC-08, PC-09, PC-10, PC-11, PC-12, SD-119, A-02 एवं A-03 में 500 लीटर पानी की 01 अदद टंकी लगाये जाने का कार्य |
| 19 | वाहिनी के 10 राजकीय आवास संख्या: A-04, A-06, A-07, A-10, B-14, B-15, B-16, B-17, B-18 एवं B-20 में 500 लीटर पानी की 01 अदद टंकी लगाए जाने का कार्य |
| 20 | वाहिनी के 10 राजकीय आवास संख्या: B-23, B-24, C-25, C-26, C-28, C-29, C-30, C-31, C-34 एवं C-36 में 500 लीटर पानी की 01 अदद टंकी लगाए जाने का कार्य |
| 21 | वाहिनी के 10 राजकीय आवास संख्या: D-38, D-39, D-43, D-46, D-48, E-51, E-53, E-54, E-58 एवं F-62 में 500 लीटर पानी की 01 अदद टंकी लगाये जाने का कार्य |
| 22 | वाहिनी के 10 राजकीय आवास संख्या: F-63, F-69, G-73, G-74, G-83, 1-98, 1-102, 1-104, 1-106 एवं 1-107 में 500लीटर पानी की 01 अदद टंकी लगाये जाने का कार्य |
| 23 | वाहिनी के 03 राजकीय आवास संख्या: J-109, J-110, SF-04, SF-07, SF-10, SF-11, SF-12, SF-14, SF-20 एवं AAKANKSHA-03 में 500 लीटर पानी की 01 अदद टंकी लगाये जाने का कार्य |
| 24 | वाहिनी के 03 राजकीय आवास संख्या: आकांक्षा-08, आकांक्षा-09, आकांक्षा-10, आकांक्षा-13, आकांक्षा-19, आकांक्षा-20, आकांक्षा-21, SD-02, SD-06 एवं SD-07 में 500 लीटर पानी की 01 अदद टंकी लगाये जाने का कार्य |
| 25 | SD-18, SD-20, SD-21, SD-24, SD-25, SD-27, SD-31, SD-33, SD-36 एवं SD-38 में 500 लीटर पानी की 01 अदद टंकी लगाये जाने का कार्य |
| 26 | वाहिनी के 03 राजकीय आवास संख्या: SD-39, SD-40, SD-45, SD-46, SD-47, SD-48, SD-49, SD-50, SD-54 एवं SD-55 में 500 लीटर पानी की 01 अदद टंकी लगाये जाने का कार्य |
| 27 | वाहिनी के 03 राजकीय आवास संख्या: SD-59, SD-62, SD-63, SD-66, SD-67, SD-68, SD-69, SD-70, SD-71 एवं SD-76 में 500 लीटर पानी की 01 अदद टंकी लगाये जाने का कार्य |
| 28 | वाहिनी के 03 राजकीय आवास संख्या: SD-78, SD-80, SD-82, SD-83, SD-87, SD-90, SD-91, SD-92, SD-93 एवं SD-99 में 500 लीटर पानी की 01 अदद टंकी लगाये जाने का कार्य |
| 29 | वाहिनी के 03 राजकीय आवास संख्या: SD-100, SD-102, SD-103, SD-105, SD-106, SD-107, SD-109, SD-110, SD-113 एवं SD-114 में 500 लीटर पानी की 01 अदद टंकी लगाये जाने का कार्य |
| 30 | वाहिनी के 03 राजकीय आवास संख्या: SD-116, SD-121, SD-124, SD-125, SD-127, SD-130, SD-131 में 500लीटर पानी की 01 अदद टंकी लगाये जाने का कार्य |

पत्र संख्या- प-23/25
दिनांक मई 02,2025

सेनानायक
टॉस्कफोर्स 47वीं पीएसी
गाजियाबाद।


# सफदरजंग में हीट स्ट्रोक के मरीजों के लिए 62 बेड आरक्षित

## डॉक्टर-नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ को दिया गया प्रशिक्षण

**नई दिल्ली।** सफदरजंग अस्पताल ने लू (हीट स्ट्रोक) की चपेट में आने वाले मरीजों के उपचार के लिए तैयारियां पूरी कर ली है। इसके लिए डॉक्टरों से लेकर नर्सिंग स्टाफ सहित पैरामेडिकल कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया है। मरीजों के उपचार के लिए 62 बेड आरक्षित किए गए है।



अस्पताल के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार मई-जून में हीट स्ट्रोक की चपेट में आने वाले मरीजों के उपचार के लिए अस्पताल पूरी तरह से तैयार है। मार्च 2025 में सभी डॉक्टरों, नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ के लिए रिफ्रेशर कोर्स आयोजित किया। इसमें गर्मी संबंधित बीमारी के उपचार और प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया। साथ ही हीटवेव को लेकर सभी स्वास्थ्यकर्मियों को जागरूक किया गया।

**डिजास्टर वार्ड भी किया आरक्षित :** अस्पताल के एक अधिकारी ने बताया कि अभी फिलहाल हीट स्ट्रोक के मरीजों के लिए छह बेड पूरी तरह से तैयार है। बेड को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। सभी बेड पर वेंटिलेटर की व्यवस्था की गई है। मरीज के रक्तचाप, दिल की धड़कन, श्वसन दर सहित दूसरी चीजों की मॉनिटर से निगरानी होगी। मरीजों की संख्या बढ़ने पर वार्ड ए के छह बेड और डिजास्टर वार्ड के 50 बेड भी उपचार के लिए आरक्षित किए गए है। मरीज की देखरेख के लिए वार्ड में तीन बड़े कूलर और पंखों की व्यवस्था की गई।

**मरीज बढ़ने पर अतिरिक्त स्टाफ होगा तैनात :** उन्होंने कहा कि मरीज के उपचार के दौरान बर्फ संबंधी दिक्कत से न जूझना पड़े उसके लिए तीन आइस लाइन्ड रेफ्रिजरेटर की व्यवस्था की गई है। इसमें पर्याप्त मात्रा में बर्फ का स्टॉक रखा जा सकेगा। साथ ही मरीजों के उपचार के लिए आइस पैक, कूल फ्लूइड, स्प्रे डिवाइस, कूलिंग शीट सहित दूसरे संसाधनों की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा अतिरिक्त रेफ्रइजरेटर भी उपलब्ध कराए गए है।

### हीट स्ट्रोक के लक्षण



- शरीर का तापमान 105 डिग्री फारेनहाइट से होता है अधिक
- मरीज बेहोशी की हालत में पहुंच जाता है
- मानसिक तौर पर सक्रियता कम हो जाती है
- शरीर में पसीने आने बंद हो जाते है
- दिल की धड़कन का असमान्य होना
- रक्तचाप भी हो जाता है कम



### बचाव के उपाय

- पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं



- दोपहर 12 बजे से लेकर शाम चार बजे तक बाहर न निकले
- सिर को टोपी और गमछे से ढककर रखे
- बाहर का तला-भुना खाने से परहेज करें

### हीट स्ट्रोक का खतरा इनको अधिक



हीट स्ट्रोक का सबसे अधिक खतरा सुरक्षाकर्मी, रेहड़ी-पटरी लगाने वाले, निर्माण मजदूर, घर की सबसे ऊपरी मंजिल पर रहने वाले वृद्ध लोग और तंदूर पर खाना बनाने वालों को है। साथ ही दिनभर डिलीवरी का काम करने वाले भी हीट स्ट्रोक की चपेट में आ सकते है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...








# अभी से होने लगी है शिक्षक-स्नातक एमएलसी चुनाव की सुगबुगाहट

## इस बार ये चेहरे रख सकते हैं चुनाव लड़ने की चाहत

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एमएलसी के पूरे गेम को ही भाजपा ने बदला है। मेरठ और सहारनपुर कमिश्नरी में जिन एमएलसी सीटों पर दशकों से पुराने धुरंधरों का कब्जा था, भाजपा ने एक सधी हुई रणनीति पर काम करके इस पूरे गेम को ही बदल दिया। एक दौर था जब यहां ओमप्रकाश शर्मा जैसे दिग्गज अपने गिनती के वोटों के दम पर हर बार विधान परिषद पहुंचते थे। भाजपा यहां सधी हुई रणनीति के तहत आई और एमएलसी चुनाव के धुरंधर भी भाजपा के गेम को समझ नहीं पाए। भाजपा ने पुराने वोटों पर निगाह भी नहीं डाली और उसने नए वोट बनवाए और चुनाव में नए उम्मीदवार उतारे। फिर ये रणनीति इतीन कारगर साबित हुई कि पुराने दिग्गजों को धूल चटाते हुए फूल वाले उम्मीदवारों ने उम्मीद से भरी जीत हासिल की। यहां श्रीचंद शर्मा शिक्षक कोटे से एमएलसी जीते और आरकेजीआईटी चेयरमैन दिनेश गोयल स्नातक कोटे से रिकॉर्ड वोटों से चुनाव जीते। भाजपा ने यहां विपक्ष का सूपड़ा साफ किया। नए चेहरे, नया गेम और विपक्ष का गेम ही फिनिश हो गया। दिनेश गोयल एमएलसी हैं और खुद को लोकल पॉलिटिक्स से दूर रखते हुए उन्होंने विधान परिषद में गाजियाबाद की कई समस्यओं को उठाया। वो विद्युत समिति के चेयरमैन हैं और जब विधान चुनाव की वर्ष 2027 में रणभेरी बजेगी तो उससे ठीक चार महीने पहले विधान परिषद चुनाव का ऐलान हो जाएगा।

अब सवाल ये है कि क्या भाजपा एमएलसी वाले सीन में टिकट रिपीट करेगी या फिर वो नए चेहरे लाएगी। रणनीति क्या होगी ये तभी तय होगा, लेकिन सूत्र बताते हैं कि एमएलसी चुनाव को लेकर सुगबुगाहट शुरू हो गई है। गेम के खिलाड़ियों ने फील्डिंग लगानी शुरू की दी है। गाजियाबाद से शिक्षक व स्नातक कोटे से कौन-कौन चेहरे दावेदार हो सकते हैं इसको लेकर बड़े दरबारों में मंथन शुरू हो गया है। ये चर्चा शुरू हो गई है कि यह नाम कैसा रहेगा और वह नाम कैसा रहेगा। यहां पुराने खिलाड़ी भी प्रयास कर रहे हैं और नए खिलाड़ियों के नाम भी चर्चा आ गए है। भाजपा किसे मौका देगी ये तय होगा, लेकिन जहां पूर्व सांसद से लेकर पूर्व एमएलसी के नाम चर्चा में हैं।



### क्या एमएलसी पद पर दांव खेलेंगे अनिल अग्रवाल



**करंट क्राइम।** अनिल अग्रवाल राज्यसभा सांसद रहे हैं और उनका राज्यसभा कार्यकाल ऐसा रहा है कि वो जनता के काम आए हैं। उनके घर के दरवाजे हमेशा जनता के लिये खुले रहे। डॉ. अनिल अग्रवाल गाजियाबाद के उन भाजपाईयों में हैं जिन्होंने सबसे पहले लोकसभा के लिये दावेदारी का बिगुल बजाया था। जनता के बीच रहकर राजनीति करते हैं। शिक्षाविद हैं, कॉलेज मालिक हैं और जिस एमएलसी चुनाव की बात हो रही है उस एमएलसी चुनाव से उनका नाता रहा है। भाजपा की सपोर्ट के बिना भी उन्होंने इस गेम को बहुत बढ़िया खेला था और चंद वोटों से वो रह गए थे। अब क्या अनिल अग्रवाल विधान परिषद में जाना चाहेंगे, क्या उनकी दावेदारी रहेगी ये भविष्य बताएगा, लेकिन अगर ये नाम आएगा तो गेम रोचक हो जाएगा।

### नए खिलाड़ी के रूप में कर सकते हैं कमाल ललित जायसवाल



**करंट क्राइम।** सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल सामाजिक मुद्दों पर आगे रहते हैं। शासन और प्रशासन के साथ हमेशा सहयोग की कदमताल के साथ चलते हैं। सामाजिक प्रतिष्ठा है और बेदाग छवि है। राजनीतिक रूप से उनकी दावेदारी की चर्चा कई बार हुई है। अगर ये नाम एमएलसी चुनाव में आता है तो नए खिलाड़ी के रूप में ललित जायसवाल भी कमाल कर सकते हैं। अपनी गैरविवादित छवि और सबको साथ लेकर चलने की कार्यशैली से वो यहां गेम को रोचक बना सकते हैं।

### पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी की बनती है दावेदारी



**करंट क्राइम।** प्रशांत चौधरी एमएलसी गेम के पुराने खिलाड़ी हैं। पहले भी विधान परिषद सदस्य रहे हैं, उनकी पत्नी हेमलता चौधरी बागपत से विधायक रही हैं। प्रशांत चौधरी स्नातक भी हैं और उनका खुद का शिक्षण संस्थान भी है। वोटों के गणित के माहिर हैं। एमएलसी चुनाव की बात करें तो गुर्जर समाज से ओबीसी कोटे से और समीकरण के हिसाब से अनुभव की पूंजी के साथ उनकी दावेदारी बनती है।

### विधान परिषद में जाएंगे क्या समरकूल चेयरमैन संजीव गुप्ता



**करंट क्राइम।** संजीव गुप्ता भाजपा की राजनीति का एक ऐसा नाम है जो खुद को विवादों से दूर रखते हैं और वो लगातार भाजपा के महानगर कोषाध्यक्ष हैं। व्यापार मंडल सहित दर्जनों सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हैं। धार्मिक गतिविधियों में उनकी रूचि रहती है। मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित हो चुके हैं। टिकट की दावेदारी भी की है और एमएलसी चुनाव में वैश्य समाज के इस चेहरे की दावेदारी बनती है। मिलनसार स्वाभाव के संजीव गुप्ता विधान परिषद सदन में एक शानदार आवाज इस क्षेत्र की हो सकती है।

### संघ पृष्ठभूमि के अनिल सांवरिया को मिलेगा क्या चांस



**करंट क्राइम।** भाजपा के अगर चुनावी गेम को देखें तो यहां समझ में आता है कि वो लगातार अपने खिलाड़ी बदल रही है और नए खिलाड़ी उसे सफलता भी दिला रहे हैं। लोकसभा चुनाव में उसने अपने विधायक को लोकसभा टिकट दिया और जीत हासिल की। एमएलसी चुनाव में अगर नए चेहरों की बात करें तो अनिल अग्रवाल सांवरिया का भी नाम है। अनिल अग्रवाल सांवरिया उच्च शिक्षित हैं, संघ पृष्ठभूमि से आते हैं और वो राष्ट्रवादी सोच के साथ हमेशा सामाजिक और धार्मिक मंचों पर अपनी भागीदारी निभाते हैं। वैश्य समाज का ये नया चुनावी चेहरा आने वाले समय की एक दस्तक हो सकता है।

### बालकिशन गुप्ता बालू का नाम दावेदारी में



**करंट क्राइम।** भाजपा नेता बालकिशन गुप्ता बालू राजनीति के साथ-साथ समाजसेवी संस्थाओं से जुड़े हैं। लॉयन्स क्लब से जुड़े हुए हैं, धार्मिक गतिविधियों में आगे रहते हैं। भाजपा के नए एमएलसी दावेदार चेहरों में उनका भी नाम आता है और यहां भाजपा इस नाम पर भी विचार कर सकती है।

### शिक्षाविद अतुल जैन का भी चर्चा में नाम



**करंट क्राइम।** एमएलसी चुनाव की बात करें तो यहां लोहा व्यापार मंडल के अध्यक्ष अतुल जैन भी दावेदारी की लिस्ट में हैं। वो कॉलेज के मालिक हैं, स्वयं उच्च शिक्षित हैं और उन सभी क्राइट ऐरिया को पूरा करते हैं जो एमएलसी चुनाव के लिये जरूरी हैं। अगर शिक्षित और सौम्य व्यवहार के मालिक अतुल जैन को यहां मौका मिलता है तो वो भी शानदार रिजल्ट देने की स्थिति में हैं।

### क्या फिर से होगा डॉ. अशोक नागर का नाम रिपीट



**करंट क्राइम।** अशोक नागर एमएलसी चुनाव के पुरानी खिलाड़ी हैं। दिनेश गोयल से पहले उन्होंने ही भाजपा के सिंबल पर एमएलसी चुनाव लड़ा था। बेहद मजबूती से चुनाव लड़े थे और संघर्षपूर्ण मुकाबले में वो हार गए थे। इसके बाद जब चुनाव की बारी आई तो यहां भाजपा ने गेम का रूल बदला और दिनेश गोयल के रूप में नए खिलाड़ी को उतारा। यहां पर सबसे खास बात ये है कि अशोक नागर ने एक सच्चे कार्यकर्ता का फर्ज निभाया। भले ही उन्हें टिकट नहीं मिला, लेकिन उन्होंने पूरी शिद्दत के साथ दिनेश गोयल को एमएलसी का चुनाव लड़वाया। दावेदारी में अशोक नागर का भी नाम है और क्या पार्टी ओबीसी कोटे में डॉ. अशोक नागर के नाम को रिपीट करेगी, यह फिलहाल भविष्य के गर्भ में छिपा है।

### पुराने कार्यकर्ता वेदप्रकाश गर्ग खादी वालों को क्या देगी भाजपा मौका



**करंट क्राइम।** वरिष्ठता, समर्पण और सहयोग अगर पैमाना है तो यहां पहला नाम वेदप्रकाश गर्ग खादी वालों का आता है। मेयर पद के लिये प्रबल दावेदारी रही। ऐन मौके पर सीट महिला आरक्षित हो गई और कहा जाता है कि इसके बाद वो मेयर बनते-बनते रह गए। सौम्य स्वभाव है और पीढ़ी दर पीढ़ी के भाजपाई हैं। शांत भाव से कार्यकर्ता वाले भाव के साथ काम करते हैं। मिलनसार स्वभाव है और बड़ी बात ये है कि खुद को आलोचना से दूर रखते हैं और कभी किसी विवाद में नहीं रहते। समर्पित भाव के साथ काम करने वाले वेदप्रकाश गर्ग खादी वालों को क्या भाजपा विधान परिषद के सदन में भेजेगी।

### क्या पवन गोयल को मिलेगा एमएलसी बनने का मौका



**करंट क्राइम।** पवन गोयल भाजपा के पुराने कार्यकर्ता हैं। सबसे कम उम्र में वो नगर निगम पार्षद बनें। क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष रहे हैं। मौजूदा समय में जीडीए बोर्ड सदस्य हैं। दो बार शहर सीट से विधानसभा की दावेदारी की है। एमएलसी चुनाव की बात करें तो यहां अनुभव और समर्पण के आधार पर उनकी दावेदारी बनती है।

### बनती है एमएलसी दावेदारी मानसिंह गोस्वामी की



**करंट क्राइम।** अगर कार्यकर्ता को ही टिकट देने की बात है और छवि एक आधार है तो फिर यहां क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी के लिये एक बड़ा स्कोप है। भाजपा के पुराने कार्यकर्ता हैं, महानगर अध्यक्ष रहे हैं, कई आयामों के प्रभारी रहे हैं, क्षेत्रीय टीम में हैं और बीते दिनों महानगर अध्यक्ष पद की दावेदारी में उनका नाम बेहद प्रबलता के साथ चला था। ओबीसी कोटा और स्वयं की छवि, स्वयं का रिपोर्ट कार्ड उन्हें एमएलसी वाली दावेदारी में एक अलग ही सपोर्ट दे रहा है। भाजपा का ये चेहरा भी चुनावी समय में हाईकमान की पसंद हो सकता है।

### सुभाष गर्ग के नाम की भी चर्चा



**करंट क्राइम।** हिन्दी भवन सीमिति के महामंत्री सुभाष गर्ग खुद को बेहद सक्रिय राजनीति के फॉर्मेट से दूर रखते हैं। सामाजिक रूप से प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं। और शिक्षाविद है। सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भागीदारी रहती है। एमएलसी चुनाव के परिप्रेक्ष्य में सुभाष गर्ग एक प्रतिष्ठित नाम हैं और भाजपा उनके नाम पर कितना विचार करेगी ये समय बताएगा।

### क्या पंजाबी समाज से मिलेगा सरदार एसपी सिंह को मौका



**करंट क्राइम।** अगर पंजाबी समाज की बात करें तो, सिख समाज की बात करें तो सरदार एसपी सिंह सिख समाज के सबसे वरिष्ठ भाजपाई हैं। 25 साल पहले वो अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य बनाए गए थे और फिर वो आज तक इस पद नाम के आगे पूर्व लिखकर ही काम चला रहे हैं। अलग-अलग दायित्व भी मिले, लेकिन जनप्रतिनिधि बनने का मौका कभी नहीं मिला। सिख समाज का ये चेहरा एमएलसी चुनाव में पंजाबी समाज कोटे से दावेदारी का चेहरा हो सकता है।

### उम्मीदवार नया भी चलेगा, लेकिन वोटर तीन साल पुराना ही चलेगा

**करंट क्राइम।** एमएलसी चुनाव की बात करें तो यहां सहारनपुर और मेरठ कमिश्नरी का क्षेत्र हैं और यहीं से एमएलसी चुने जाने हैं। शिक्षक और स्नातक कोटे से ये एमएलसी चुने जाएंगे। जब भाजपा 2027 के चुनावी रण की अभी से तैयारी कर रही है तो इस चुनावी रण को भी एग्नोर नहीं किया जा सकता। खास बात ये है कि ये शिक्षक और स्नातक कोटे के एमएलसी का चुनाव है और इसमें उम्मीदवार का शिक्षक होना जरूरी नहीं है। उम्मीदवार का स्नातक होना जरूरी नहीं है, लेकिन वोटर का स्नातक होना भी जरूरी है और शिक्षक होना भी जरूरी है। केवल स्नातक और शिक्षक होने से भी काम नहीं चलेगा अगर एमएलसी चुनाव में वोट डालना है तो कम से कम तीन साल पुराना शिक्षक होना चाहिए और स्नातक वाले चुनाव में स्नातक की डिग्री पूरे विश्व में कहीं से ली हुई हो, लेकिन डिग्री तीन साल पुरानी होनी चाहिए और सहारनपुर और मेरठ कमिश्नरी ने किसी भी स्थान का आधार कार्ड होना चाहिए।

# हाउस टैक्स पर हैरान करने वाला है जनप्रतिनिधियों का मौन!


दीपक भाटी
समाचार संपादक

कई बार के पार्षद रह चुके एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र त्यागी नगर निगम द्वारा की गई टैक्स बढ़ोत्तरी पर पिछले एक वर्ष से आवाज उठा रहे हैं। हाल ही में अनिल स्वामी, हिमांशु मित्तल, हिमांशु लव जैसे वरिष्ठ एवं प्रखर पूर्व पार्षदों ने भी राजेंद्र त्यागी के साथ लामबंद होकर हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के खिलाफ आवाज उठाई। कुछ माह पहले आयोजित हुई बोर्ड बैठक में स्वयं कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा शामिल हुए थे। उन्होंने महापौर सुनीता दयाल की मौजूदगी में आवाज बुलंद की थी कि टैक्स किसी सूरत में बढ़ने नहीं दिया जाएगा। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा को महापौर सुनीता दयाल एवं तमाम पार्षदों का समर्थन भी मिला था। इसमें कोई शक नहीं कि शहर के विकास को लेकर समय-समय पर टैक्स बढ़ाना जरूरी होता है। ऐसा होता भी रहता है। मगर बकौल राजेंद्र त्यागी अधिकारियों ने शीर्ष अधिकारियों में अपने रैवेन्यू वाले नंबर बढ़ाकर गाजियाबाद के हाउस टैक्स को लगभग 300 से 400 गुना बढ़ा दिया है। ये टैक्निकल गुणा-भाग निगम एक्ट के जानकार राजेन्द्र त्यागी, उनके साथी व निगम के टैक्स विभाग के अधिकारी बेहतर जानते होंगे। मगर सवाल यह है कि जहां पूर्व पार्षद इसके खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं वहीं 100 पार्षदों का सदन इस मुद्दे पर इतना मुखर क्यों नहीं है। आखिर प्रवीण चौधरी, सचिन डागर, राजीव शर्मा सहित तमाम सीनियर व वर्तमान पार्षद इस मुद्दे पर खामोश क्यों हैं। हो सकता है, अधिकारियों द्वारा तैयार किए गए हाउस टैक्स के गुणा-भाग से ये सब सहमत हों। तो फिर सवाल यह उठता है कि क्यों पूर्व पार्षद इस बढ़े हुए हाउस टैक्स पर इतना झमेला खड़ा कर रहे हैं। कहीं न कहीं यहां पर पूर्व और वर्तमान पार्षदों के बीच ईगो का टकराव हो रहा है। जिस वजह से भी एकता में शक्ति दिखाई नहीं दे रही है। समझ से परे है कि जो टैक्स पूर्व पार्षदों को ज्यादा लग रहा है, वह वर्तमान वालों को ठीक कैसे लग सकता है। हो सकता है इस सबके पीछे किसी की उपाध्यक्ष तो किसी की जीडीए बोर्ड का सदस्य बनने की महत्वाकांक्षा भी हो। इस तरह की चर्चाएं मार्किट में हैं। वैसे इस वक्त नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक और मेयर सुनीता दयाल की ट्यूनिंग से निगम की विकास वाली ट्रेन सरपट दौड़ रही है। इन सबके बीच टैक्स बढ़ोत्तरी की टीस जनता को जरूर परेशान करती है। बड़ी बात यह है कि गाजियाबाद के जो जनप्रतिनिधि एक समय किसी को बॉर्डर से बाहर करने में एकजुटता का परिचय दे रहे थे। तो इस मुद्दे पर एकजुट क्यों नहीं हैं। क्यों सांसद अतुल गर्ग, मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप, विधायक अजित पाल त्यागी, विधायक संजीव शर्मा इतने महत्वपूर्ण मुद्दे पर मौन धारण किए हुए हैं। मेयर सुनीता दयाल जरूर बड़े-बड़े प्रतिष्ठानों पर टैक्स का चाबुक चलाकर निगम के कोष की भरपाई कर रही हैं। मगर भाजपा के पूर्व पार्षदों के साथ उनकी सहमति सुनाई नहीं दे रही है। पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी, भाजपा अध्यक्ष मयंक गोयल को भी लिखकर कह चुके हैं कि अगर आप सब इस मुद्दे पर खामोश रहे तो जनता आपको माफ नहीं करेगी। हो सकता है राजेंद्र त्यागी के इस मुद्दे में शायद किसी जनप्रतिनिधि को दम नजर नहीं आ रहा हो। या फिर इस मुद्दे पर खामोश रहने की कुछ और ही वजह हो। वजह जो भी हो, कहने वाले यही कह रहे हैं कि गाजियाबाद की बड़ी प्लानिंग के लिए जब सांसद, मेयर, विधायक एनसीआर प्लानिंग बोर्ड के अधिकारियों से मिलकर आ सकते हैं तो फिर टैक्स को लेकर इन सबकी ईगो आपस में क्यों टकरा रही है।

# कमिश्नर के पांच बड़े फैसलों ने बदली पुलिस की वर्किंग

## बारीकी से होता रहा इन पर काम, तो कम होगा क्राइम का ग्राफ और समस्याओं का होगा समाधान

गौरव शशि नारायण

- पुलिसकर्मियों के व्यवहार और काम पर फीडबैक लेगी फीडबैक सेल
- नए कमिश्नर और एडिशनल सीपी कर रहे हैं लगातार थानों और फील्ड का निरीक्षण
- पुलिस की वर्किंग में दिखेगा सुधार और आमजन में बढ़ेगा खाकी के प्रति सम्मान





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ ने चार्ज संभालने के बाद यहां पांच बड़े बदलाव किए हैं। जो आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की वर्किंग में सुधार लाने के साथ ही जनता में पुलिस के प्रति सम्मान को बढ़ेएगा, तो इसके साथ ही कहा जा रहा है कि आने वाले दिनों में जब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बीट पुलिसिंग व्यवस्था पूरी तरीके से अमल में आ जाएगी, तो क्राइम का ग्राफ घटेगा। तो वहीं समस्याओं का समाधान भी तेज गति से होगा। पुलिस कमिश्नर द्वारा जहां थानों, पुलिस कार्यालयों और अन्य कार्य स्थलों पर पहुंचने वाले पीड़ितों के साथ सम्मान पूर्वक भाषा इस्तेमाल करने का निर्देश दिया है। तो वहीं थानों में आने वाले अलग-अलग उम्र के लोगों को सम्मान से बैठाने और उनके लिए चाय,पानी, चॉकलेट टॉफी जैसी व्यवस्था करने का भी निर्देश साफ शब्दों में दिया गया है। नए पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ की कोशिश है कि पुलिस व्यवस्था में सुधार होगा, तो इसका सीधा लाभ जनता और समाज को मिलना शुरू होगा।

### इन पांच बदलाव से बदलेगी कमिश्नरेट पुलिसिंग

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद जे रविंदर गौड़ द्वारा गाजियाबाद में बीट पुलिसिंग व्यवस्था को प्रमुखता से लागू करने का निर्देश दिया गया है। तो वहीं थाने और पुलिस के कार्यस्थलों पर पहुंचने वाले लोगों के साथ तू ,तड़ाक, तुम जैसे शब्दों का प्रयोग ना कर आप और जी का प्रयोग करने का निर्देश दिया गया है। वहीं थाने आने वाले बुजुर्गों, महिलाएं, दिव्यांगजन व ट्रांसजेंडर के साथ भी सभ्यता से पेश आने और उनकी शिकायतों पर हर हाल में एक्शन लेने का आदेश दिया गया है। बीट पुलिसिंग व्यवस्था को लागू कर जहां कमिश्नरेट में 2096 बीट पुलिस ऑफिसर बनाए गए हैं। तो उनकी मॉनिटरिंग करने के लिए 700 से अधिक पुलिस सब इंस्पेक्टर भी काम करेंगे। वहीं ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार लाने के लिए बड़ी संख्या में कटाने जाने वाले चलानो पर रोक लगाने का निर्देश दिया गया है। इंस्पेक्टर ट्रैफिक और सब इंस्पेक्टर के द्वारा ही चालान वाली कार्रवाई हो यह कार्रवाई शुरू करवा दी गई है। वहीं सिटीजन पुलिसिंग सिस्टम लागू कर पुलिसकर्मियों की जिम्मेदारी तय की गई है कि वह सत्यापन, पुलिस वेरिफिकेशन, पासपोर्ट किराएदार का प्रमाण पत्र और किसी भी मामले में एनओसी को अधिकतम दिनों की समय सीमा के अंतर संपन्न करेंगे। अब कहा जा रहा है कि इन पांच बड़े फैसलों के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम की छवि और पुलिसिंग में बड़ा सुधार देखने को मिलेगा।

### फीडबैक सेल लगी पुलिसकर्मियों की कार्य कुशलता व व्यवहार का टेस्ट

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर द्वारा निर्देश दिया गया है कि जल्द ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में फीडबैक सेल गठित की जाएगी। इसमें एक प्रभारी निरीक्षक होगा, तो उनके साथ उप निरीक्षक, हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल शामिल रहेंगे, जो पूरे कमिश्नरेट सिस्टम के सभी जोन और थानों में वर्किंग का फीडबैक लेंगे। फीडबैक को रैंकिंग दी जाएगी और पुलिसकर्मियों के फील्ड से लेकर ऑफ फील्ड वाले कामकाजों पर सीधे पीड़ितों और उनकी शिकायत करने वालों की राय जानकर डाटा अपडेट किया जाएगा। इस दौरान पुलिसकर्मियों के द्वारा किए गए कार्य की कुशलता और उनके व्यवहार का भी आकलन करते हुए उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जाएगी। लगातार लापरवाही मिलने वाले कर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव होगा। तो वहीं उन्हें अपने आचरण में सुधार करने का निर्देश भी लगातार जारी किया जाएगा।

### बीट व्यवस्था से सुधरेगी पुलिसिंग और क्राइम होगा कंट्रोल

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ का कहना है की बीट पुलिसिंग व्यवस्था करने के साथ ही सिटीजन चार्ट लागू किया गया है। इसका मकसद कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार लाने के साथ ही पुलिस का सूचना तंत्र और ग्राउंड लेवल पर रिपोर्टिंग को मजबूती मिलेगी। इसके साथ ही किसी भी बीट इलाके में होने वाले अनैतिक कार्यों को रोकने के लिए भी बीट पुलिसिंग का गठित किया गया है। पुलिस के शीर्ष अधिकारियों का मानना है की बीट पुलिसिंग व्यवस्था मजबूत होगी, तो इसका असर पुलिस के नेटवर्क सिस्टम पर भी पड़ेगा। पुलिस के पास सब प्रमुख और महत्वपूर्ण सूचनाएं पहुंचेगी, जिसका लाभ कानून व्यवस्था बेहतर बनाने में मिलने वाला है।

### पुलिस की इमेज भी सुधरेगी

करंट क्राइम : पुलिस के शीर्ष अधिकारियों का मानना है कि पुलिस सिटिजन चार्ट बनाने का मकसद पुलिसकर्मियों की जिम्मेदारी तय करने के साथ ही एक तय समय के भीतर लोगों के काम को फाइनल करना है ताकि जनता के बीच में पुलिस की इमेज बेहतर बने और पुलिसकर्मियों पर किसी भी प्रकार के गंभीर आरोप न लगाए जा सके।

## संपादकीय

# वक्त की आवाज

ऐसे वक्त में जब पहलगाम हत्याकांड के बाद देश में गुस्से और आक्रोश का माहौल है, तब एक विवेक की आवाज का बुलंद होना सुखद ही है। पहलगाम के बैसरन मैदान में हुए आतंकी हमले में नौसेना अधिकारी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की आतंकवादियों ने निर्मम हत्या कर दी थी। उनकी पत्नी हिमांशी नरवाल ने अपने जीवनभर सालने वाले दुख के बावजूद अपील की है कि इस आतंकी हमले के लिये जिम्मेदार अपराधियों के अलावा किसी को कोई सजा न मिले। विनय नरवाल के जन्मदिन पर आयोजित रक्तदान शिविर में उन्होंने कहा ह्य हम नहीं चाहते कि लोग अल्पसंख्यकों व कश्मीरियों को अपने आक्रोश का शिकार बनाएं ।ह्न बाकायदा, उन्होंने इस मौके पर देश में शांति बनाये रखने और सांप्रदायिक सद्भाव कायम रखने की जोरदार अपील की। जो उस सोच के विपरीत है जो पहलगाम के बैसरन में हुए भयावह आतंकी हमले के बाद देश में उभारी जा रही है। दरअसल, हिमांशी ने उन उग्र सोच के लोगों को स्पष्ट संदेश देने का प्रयास किया, जो इस राष्ट्रीय त्रासदी का लाभ उठाकर सांप्रदायिक प्रतिशोध की सोच को बढ़ावा दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि आगरा में एक परेशान करने वाला मामला प्रकाश में आया, जहां एक बिरयानी विक्रेता की हत्या के बाद सोशल मीडिया पर प्रचारित किया गया कि यह पहलगाम त्रासदी का प्रतिशोध है। निस्संदेह, ऐसी संकीर्ण मानसिकता का राजनीतिक और धार्मिक नेताओं द्वारा विरोध न किया जाना, अक्षम्य ही कहा जाएगा। निश्चित रूप से ऐसी अप्रिय व परेशान करने वाली घटनाएं हमारे धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने को ही नुकसान पहुंचाती हैं। खासकर उस ताने-बाने को, जो पहले से ही कमजोर पड़ रहा है। निर्विवाद रूप से कश्मीर के पहलगाम में हुई सांप्रदायिक हत्याओं के जरिये आतंकवादियों का मुख्य मकसद देश में हिंदू-मुस्लिमों के बीच तनाव पैदा करके देश की एकता को कमजोर करना था। ऐसे में यदि हम भी उसी सोच के साथ प्रतिक्रिया देने लगे तो कहीं न कहीं हम परोक्ष रूप से आतंकवादियों के मंसूबों को ही पूरा कर रहे होंगे।

यह निर्विवाद तथ्य है कि हमें इसी समाज में रहना है और बेहतर होगा कि हम तमाम संकीर्णताओं को त्यागकर और मिलजुलकर ही रहें। यदि हम आतंकवादियों की सोच का प्रतिकार उनके एजेंडे के अनुरूप करेंगे तो निश्चिय ही गंगा-जमुनी संस्कृति को नुकसान पहुंचेगा। आतंकवादियों का मंसूबा जम्मू-कश्मीर ही नहीं पूरे देश में शांति को भंग करना था। ऐसी किसी भी संकीर्ण सोच को सामूहिक संकल्प से ही नाकाम किया जा सकता है। इसी तरह की सार्थक व प्रेरक प्रतिक्रिया गुरमेहर कौर की तरफ से आई, जिनके पिता वर्ष 1999 में जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों से लड़ते हुए मारे गए थे। उन्होंने देशकाल-परिस्थितियों के अनुरूप प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आतंकवाद की असली हार तब ही होती है जब हम हिंसा की प्रतिक्रिया में खुद को विभाजित करने से मना कर देते हैं। निस्संदेह, राष्ट्र के सर्वोत्तम हित में, नागरिकों को उन लोगों को दृढ़ता से दूर करना चाहिए, जो आग में घी डालने का काम कर रहे हैं।

# डिजिटल बाजारों में प्रतिस्पर्धा को लेकर संसदीय समिति सख्त



## सीसीआई और एमसीए से मांगी जानकारी

### सीसीआई में विशेषज्ञ और स्टाफ नियुक्ति की योजना बताएं- समिति

डिजिटल क्षेत्र में निगरानी और कार्रवाई को प्रभावी बनाने के लिए सीसीआई में विशेषज्ञ और पर्याप्त स्टाफ की नियुक्ति की योजना के बारे में भी समिति ने जानकारी मांगी है। सूत्रों ने बताया कि समिति ने सीसीआई को मिलने वाले फंड, कर्मचारियों की संख्या और खाली पदों के बारे में भी जानकारी मांगी है। वहीं, इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएएमएआई) समेत कुछ संस्थाओं ने इस विधेयक की कुछ धाराओं पर चिंता जताई है। मंत्रालय फिलहाल सभी हितधारकों से मिले सुझावों पर विचार कर रहा है। वहीं अब सभी की निगाहें इस पर टिकी हैं कि डिजिटल प्रतिस्पर्धा के नियमों में क्या बदलाव आते हैं।

**नई दिल्ली।** डिजिटल बाजार में बढ़ते एकाधिकार को रोकने और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के लिए संसद की एक स्थायी समिति ने बड़ा कदम उठाया है। इसके लिए समिति ने भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग यानी सीसीआई और कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय से विस्तृत जानकारी मांगी है।

संसद की एक स्थायी समिति ने डिजिटल बाजारों में प्रतिस्पर्धा से जुड़े कई पहलुओं पर विस्तृत जानकारी मांगी है। समिति ने यह जानकारी भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) और कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) से मांगी है। यह समिति 'भारत की अर्थव्यवस्था में प्रतिस्पर्धा आयोग की बदलती भूमिका, खासकर डिजिटल क्षेत्र में' विषय पर विचार कर रही है।

समिति की अध्यक्षता भाजपा नेता भर्तृहरि महताब कर रहे हैं। समिति की बैठक 28 अप्रैल को हुई थी। डिजिटल प्रतिस्पर्धा विधेयक 2024 से जुड़ी जानकारी मांगी सूत्रों के अनुसार, समिति ने डिजिटल प्रतिस्पर्धा विधेयक 2024 से जुड़े कई पहलुओं पर जानकारी मांगी है। यह विधेयक बड़े डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर कुछ जिम्मेदारियां तय करता है ताकि डिजिटल क्षेत्र में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित की जा सके और एकाधिकार को रोका जा सके। इसके अलावा, समिति ने यह भी पूछा है कि क्या भारत-अमेरिका के बीच चल रही व्यापार वाताओं का इस विधेयक पर कोई प्रभाव पड़ रहा है।

# विदेशी निवेशकों का इस हफ्ते 10000 करोड़ का निवेश

# एसबीआई ने ब्याज से कमाए 1.20 लाख करोड़ रुपये



**नई दिल्ली।** विदेशी संस्थागत निवेशकों यानी एफपीआई ने इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजारों में 10,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है, जो घरेलू इक्विटी में विदेशी रुचि की मजबूत वापसी को दर्शाता है। एनएसडीएल के अनुसार, एफपीआई ने 28 अप्रैल से 2 मई के बीच 10,073 करोड़ के शेयर खरीदे हैं। आंकड़ों के अनुसार, पिछले साल दिसंबर के बाद अप्रैल में पहली बार निवेश हुआ है। इस दौरान कुल 4,223 करोड़ के शेयर खरीदे गए हैं। मार्च में 3,973 करोड़ के शेयर बेचे थे। जनवरी व फरवरी में क्रमशः 78,027 करोड़ रुपये और 34,574 करोड़ रुपये की बिकवाली की थी।

एसबीआई ने ब्याज से कमाए 1.20 लाख करोड़ रुपये, लाभ 10% घटा देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को जनवरी-मार्च तिमाही में 18,643 करोड़ रुपये का फायदा हुआ है। एक साल पहले समान तिमाही के 20,698 करोड़ की तुलना में यह 10 फीसदी कम है। पूरे समूह का फायदा 8 फीसदी कम होकर 19,600 करोड़ रहा। हालांकि, इसी दौरान बैंक ने कर्ज पर ब्याज से 1,19,666 करोड़ की कमाई की है। बैंक ने बताया, पूरे वित्त वर्ष में फायदा 16% बढ़कर 70,901 करोड़ रहा।

### धोखाधड़ी से निपटने के लिए सेबी की मदद करेगा आईसीएआई : नंदा

चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का शीर्ष संगठन भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) अब वित्तीय धोखाधड़ी से निपटने में बाजार नियामक सेबी की मदद करेगा। आईसीएआई प्रेसिडेंट चरणजोत सिंह नंदा ने कहा, संस्थान एक कार्य समूह का गठन करेगा और वित्तीय धोखाधड़ी से निपटने के संबंध में विभिन्न पहलुओं को अंतिम रूप देने के लिए सेबी के साथ विचार-विमर्श करेगा।

# 'चीन से सामान आयात कर यूएस भेजा तो देना पड़ेगा भारी टैक्स'

## वाणिज्य मंत्रालय की घरेलू उद्योग को चेतावनी

**नई दिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि अगर चीन जैसे उच्च-शुल्क वाले देशों से उत्पाद खरीदकर पर्याप्त मूल्य संवर्धन के बगैर भारत से अमेरिका भेजा गया, तो इसे ट्रांसशिपमेंट माना जाएगा। मंत्रालय का कहना है कि यह अमेरिका के उत्पत्ति के नियमों के खिलाफ है। इससे भारतीय निर्यातकों को नुकसान हो सकता है और उन पर भारी टैक्स या प्रतिबंध लग सकते हैं।



वाणिज्य मंत्रालय ने भारतीय निर्यातकों को सख्त चेतावनी दी है कि अमेरिका को माल भेजते वक्त वहां के रूल्स ऑफ ओरिजिन (उत्पत्ति के नियम) का पूरी तरह पालन करें। मंत्रालय ने कहा कि अगर चीन जैसे उच्च-शुल्क वाले देशों से उत्पाद खरीदकर पर्याप्त मूल्य संवर्धन के बगैर भारत से अमेरिका भेजा गया, तो इसे ट्रांसशिपमेंट माना जाएगा। ट्रांसशिपमेंट एक देश से उत्पादों को खुद के देश में आयात करने और फिर इसे आमतौर पर बगैर खास बदलाव या मूल्य संवर्धन (उत्पाद की कीमत बढ़ाने) के दूसरे देश में निर्यात करने की प्रक्रिया है। मंत्रालय का कहना है कि यह अमेरिका के उत्पत्ति के नियमों के खिलाफ है। इससे भारतीय निर्यातकों को नुकसान हो सकता है और उन पर भारी टैक्स या प्रतिबंध लग सकते हैं। मंत्रालय के एक अधिकारी के मुताबिक, इस मामले में मंत्रालय उद्योगों के साथ मिलकर काम करेगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके।

### सिर्फ असेंबली, पैकेजिंग काफी नहीं होगी

बताते चलें कि दो मई को मंत्रालय की तरफ से आयोजित एक बैठक में विशेष सचिव और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के (बीटीए) मुख्य वातार्कार राजेश अग्रवाल ने निर्यातकों के साथ इस मुद्दे पर बात की। इसमें मंत्रालय ने निर्यातकों को अमेरिकी सीमा शुल्क नियमों और मूलभूत रूपांतरण की शर्तों यानी किसी उत्पाद को वास्तव में नया रूप,उपयोग या पहचान देने के बारे में समझाया गया। उन्हें आश्वासन दिया गया कि मूल्य संवर्धन के नियमों को स्पष्ट और तय करने की दिशा में काम होगा ताकि उद्योगों को इसे लेकर भ्रम न हो। निर्यातकों को या तो यह सुनिश्चित करना होगा कि सामान पूरी तरह भारत में बना हो या उसमें ऐसा रूपांतरण हुआ हो जिससे उसका नाम,उपयोग या स्वरूप बदले सिर्फ असेंबली, पैकेजिंग या लेबलिंग काफी नहीं होगी।

## रोचक तथ्यों का करंट

- अंग्रेजी के सभी शब्दों में रएळ के सबसे ज्यादा अर्थ निकलते हैं।
- मेंढ़क आंख बंद करके ही कुछ निगल सकता है, बिना आँख बंद किये नहीं निगल सकता।
- इंसान का खून दिन भर में उसके शरीर का लगभग 1000 चक्कर लगाता है।
- काम करते समय खुद से बातचीत करने से ध्यान भटकना कम हो जाता है।
- जिस हाथ से आप लिखते हैं, उस हाथ के नाखून जल्दी बढ़ते हैं।
- भारत मुस्लिम देश न होते हुए भी यहाँ की मुस्लिम आवादी दुनिया में तीसरे स्थान पर आते हैं।
- दुनिया का सबसे पुराना चिंगम 9000 साल पहले बना था।
- जिराफ की जीभ 21 इंच लंबी होती है. जिससे वो अपना कान भी साफ कर सकता है।
- हमारी पृथ्वी के तीन चौथाई हिस्से में जल है, पृथ्वी पर मौजूद कुल पानी में से 97 प्रतिशत पानी खारा हैऔर पीने लायक नहीं है।
- औसतम महिलाएं हर रोज 20,000 शब्द बोलती हैं, जो कि पुरुषों के औसत से 13000 शब्द ज्यादा है।

## राशिफल

**मेष:** शैक्षिक कार्यों में सुधार होगा। सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। किसी रुके हुए धन की प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**वृष:** मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन:** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**कर्क:** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। परिवार का साथ मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। कारोबारी यात्रा लाभप्रद रहेगी।

**सिंह:** मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**कन्या:** आत्मसंयत रहें। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**तुला:** मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

**वृश्चिक:** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु:** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**मकर:** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ:** बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। कारोबार में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**मीन:** क्रोध के अतिरेक से बचें। मन में नकारात्मक विचारों का प्रभाव बढ़ेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। आत्मसंयत रहें।

## चुटकुले

टीचर- राहुल बताओ...अकबर ने कब तक शासन किया था ?
राहुल- मैडम जी....पेज नंबर 14 से लेकर पेज नंबर 22 तक...

---

स्टेशन पर अनाउंसमेंट हो रही थी- 'भारी वर्षा की वजह से ट्रेन लेट चलेगी'.
टिल्लू- वर्षा इतनी भारी है,
तो वर्षा को ट्रेन से उतार क्यों नहीं देते?

---

बस में एक लड़के की नजर पीछे की सीट
पर बैठी लड़की पर पड़ी
लड़का- पहचाना मुझे
लड़की- नहीं तो
लड़का- अरे हम दोनों एक ही क्लास में पढ़ते थे
लड़की- पढ़ती तो मैं थी
तू तो रोज मुर्गा ही बनता था
हो गयी न चौड़े में बेइज्जती।

## 05 05 2025 करंट क्राइम

## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन



विशाखा सिंह अभिनेत्री



रिया सोलंकी | संजू शर्मा | एस एन पाल | राजीव शर्मा (पत्रकार)



राजीव पहिवाल | राजेश गुप्ता | रिंकू निम | राहुल कसाना | सतेन्द्र सिंह



सहजाद चौधरी | पेप्सी शर्मा | अंबरीश गौयल | आशीष त्यागी | ताहिर हुसेन



गुलशेहर सिंह चौहान | गुलशन राजपूत | तुषार | अजय कुमार चौधरी | रोबिन



पवन कसाना | जगदीश सिंह भाटी | इकबाल शैफी | अशोक कुमार | अजय कुमार | विपिन भदोरिया



विष्णु प्रभाकर | दिवाकर विक्रम सिंह | मसीउद्दीन मोहम्मद | राहुल शर्मा | शशांक शुक्ला | मोहम्मद मोहसिन

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार) 8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# बिहार में खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आगाज, खेल मंत्री ने सीएम नीतीश को दिया धन्यवाद

**नई दिल्ली।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का आगाज हो चुका है। पटना के पाटलिपुत्र स्पेट्र्स कॉम्प्लेक्स में पीएम नरेंद्र मोदी वीडियो कांन्फ्रेंसिंग के जरिए शुभारंभ करने जा रहे हैं। वहीं सीएम नीतीश कुमार और खेल मंत्री मनसुख मांडविया, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी समेत बिहार सरकार के सभी प्रमुख मंत्री और अधिकारी मौजूद हैं। पीएम की मौजूदगी में सीएम नीतीश कुमार और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मशाल जलाया। चार से 15 मई तक चलने वाले इस महासमर में शामिल होने के लिए देश के अलग-अलग राज्यों से कुल 8500 खिलाड़ी पहुंच चुकी है। यह सभी खिलाफ 28 खेलों में 2435 पदक के लिए अपना दम दिखाने जा रहे हैं।



भारत माता की जय के उद्घोष के साथ उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार जैसे राज्य में 14करोड़ जिसे गरीब बिहार कहा जाता है आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में खेलो इंडिया यूथ गेम की मेजबानी कर रहे हैं। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने वैभव सूर्यवंशी का नाम लेते हुए कहा कि हर एक घर से प्रत्येक वर्ग के युवा खेल में अपना योगदान करें। खेल मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने कहा कि जानकी भूमि है बिहार ज्ञान की भूमि है, विज्ञान की भूमिका है। बिहार नीतीश कुमार के नेतृत्व में बदल रहा है. आज यूथ गेम्स में 10000 से अधिक खिलाड़ी शामिल हुए हैं। बिहार नेशनल और इंटरनेशनल स्तर पर अपना स्थान कायम कर रहा है। देश में भारत एक से पांच तक में अपना स्थान रखना है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार का स्थान आगे किया है। आज इतनी इतना बड़ा आयोजन किया जा रहा है इसके लिए मैं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। बिहार के धरती पर मेडल जीतेंगे और देश को आगे बढ़ाएंगे।

देश की मशहूर गायिका मैथिली ठाकुर की देवी स्तुति से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कुछ देर बाद पंकज त्रिपाठी की ऐतहासिक गौरव गाथा सुनाएंगे। खास बात यह है कि इस महाकुंभ में बिहार के 700 से अधिक खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान बिहार के तीन खिलाड़ी जलती मशाल लेकर कॉम्प्लेक्स का चक्कर लगाएंगे। इस कार्यक्रम को लेकर साथ तैयारी पूरी कर ली गई है।



### 15 मई तक बिहार में खेलो इंडिया यूथ गेम्स

युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा बिहार सरकार के सहयोग से खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का आयोजन दिनांक चार मई से 15 मई तक बिहार में आयोजित है। यह प्रतियोगिता बिहार के कुल पांच शहरों में पटना, राजगीर, गया, भागलपुर एवं बेगूसराय में आयोजित की गयी है। इसमें कुल 28 खेलों की प्रतियोगिता तथा ई-स्पोर्ट्स की डेमो प्रतियोगिताएं होंगी। इसमें देष के विभिन्न राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेश से लगभग 10,000 खिलाड़ी, प्रशिक्षक, सपोर्ट स्टाफ, तकनीकी पदाधिकारी आदि भाग लेंगे।

# आर्यना सबालेंका ने जीता 20वां खिताब, फाइनल में कोको गॉफ को सीधे सेटों में हराया



**ब्रिस्बेन।** विश्व की नंबर एक महिला खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने विश्व की चौथे नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ को सीधे सेटों में हराकर मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपना तीसरा और करियर का 20वां खिताब जीता। सबालेंका ने पहले सेट में जबरदस्त प्रदर्शन किया और काजा मैजिका क्ले कोर्ट पर अमेरिकी खिलाड़ी को 6-3, 7-6 (3) से हराया।

सबालेंका ने 2021 और 2023 में मैड्रिड में खिताब जीता था। इस तरह से उन्होंने पेट्रा क्वितोवा के टूनामेंट रिकॉर्ड की बराबरी की। ब्रिस्बेन और मियामी के बाद यह सबालेंका का इस वर्ष का तीसरा खिताब भी है। गॉफ अगर इस मुकाबले में जीत हासिल कर लेती तो वह विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच जाती लेकिन सबालेंका के सामने उनकी एक नहीं चली।

# भारतीय महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से हराया, नवनीत कौर ने दागा मैच का एकमात्र गोल

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से हराया। इसी के साथ ही भारत ने इस दौरे पर एकमात्र जीत के साथ अपने अभियान का समापन किया। पर्थ हॉकी स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में भारत के लिए स्ट्राइकर नवनीत कौर ने 21वें मिनट में मैच का एकमात्र गोल दागा जो अंत में निर्णायक साबित हुआ और इसी के दम पर टीम जीत हासिल करने में सफल रही।



भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3-5 और 2-3 से हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद टीम को एक मई और तीन मई को ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ क्रमशः 0-2 और 2-3 से शिकस्त मिली थी। मेहमानी टीम ने ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर पांचवें और अंतिम मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ हॉकी खेला और करीबी मुकाबले में जीत दर्ज की।

पहले क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया ने दबदबा बनाया और दो पेनल्टी कॉर्नर प्राप्त किए, लेकिन भारत के मजबूत डिफेंस ने उन्हें पहला गोल करने से रोक दिया। दूसरे क्वार्टर में छह मिनट बाद भारत ने उपकप्तान नवनीत कौर के मैदानी गोल की बदौलत बढ़त हासिल कर ली।

नवनीत ने शनिवार को भारत की 2-3 की हार में भी गोल किया था। दूसरे हाफ में दोनों टीमें गोल करने के लिए बेताब थीं, लेकिन भारत ने संयम बनाए रखा और बढ़त का सफलतापूर्वक बचाव किया।अंतिम क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया ने एक महत्वपूर्ण पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन उन्होंने यह मौका गंवा दिया।

# भागलपुर में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का हुआ ऐतिहासिक आगाज, देशभर के 18 राज्यों से पहुंचे 61 तीरंदाज

**बिहार।** बिहार के ऐतिहासिक अंग प्रदेश भागलपुर ने रविवार को राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर अपनी विशिष्ट पहचान दर्ज कराते हुए एक ऐतिहासिक कदम उठाया। शहर के प्रतिष्ठित सैंडिस कंपाउंड खेल मैदान में खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 की तीरंदाजी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। यह पहली बार है जब भागलपुर जैसे सांस्कृतिक और शैक्षणिक रूप से समृद्ध नगर को इस तरह के राष्ट्रीय आयोजन की मेजबानी का गौरव प्राप्त हुआ है।



### प्रतिस्पधाओं की समय-सारिणी और राज्यों की भागीदारी

सैंडिस कंपाउंड खेल मैदान में तीरंदाजी प्रतियोगिता चार मई से सात मई तक आयोजित की जा रही है, जबकि बैडमिंटन प्रतियोगिता 10 मई से 13 मई तक इंडोर बैडमिंटन हॉल में होगी। इन खेलों में भाग लेने के लिए बिहार के अलावा आंध्र प्रदेश, चंडीगढ़, दादरा नगर हवेली, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और अरुणाचल प्रदेश जैसे राज्यों के खिलाड़ी भागलपुर पहुंचे हैं।

रविवार की सुबह जैसे ही जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी और एसएसपी हृदयकांत ने पारंपरिक ढंग से तीर चलाकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया, मैदान में तीर-कमान की टंकार गूंज उठी। खिलाड़ियों की एकाग्र आंखों में जहां सटीक निशाने की चमक थी, वहीं उनके भीतर ओलंपिक में देश का नाम रोशन करने का जोश साफ दिखाई दे रहा था। 18 राज्यों से आए 61 युवा तीरंदाजों के बीच कौशल और धैर्य का रोमांचक संग्राम शुरू हो गया है।

### खेल मंत्री करेंगे औपचारिक उद्घाटन

रविवार की शाम छह बजे, भारत सरकार के युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया वर्चुअल माध्यम से इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेलो इंडिया जैसी पहलें युवाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई हैं। इन खेलों के माध्यम से प्रतिभाओं को पहचान मिलने के साथ-साथ उन्हें भविष्य के ओलंपिक के लिए भी तैयार किया जा रहा है।

### प्रशासन की उच्च स्तरीय व्यवस्था

राष्ट्रीय आयोजन की सफलता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने हर मोर्चे पर विशेष तैयारियां की हैं। खिलाड़ियों की सुरक्षा, उनके आने-जाने की सुविधा, भोजन और ठहरने की उच्च स्तरीय व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। देवघर हवाई अड्डे और भागलपुर रेलवे स्टेशन पर खिलाड़ियों और अधिकारियों का स्वागत पारंपरिक ढंग से किया गया। महिला एथलीटों, कोचों और अधिकारियों को होटल चिन्मय इन में, पुरुष कोचों और अधिकारियों को होटल विद्या रेजिडेंसी में तथा पुरुष एथलीटों को होटल अशोका ग्राउंड में ठहराया गया है।

# पंजाब से पिछली हार का बदला लेने उतरेगी लखनऊ

**मुंबई।** आईपीएल के 18वें सत्र का 54वां मुकाबला रविवार को पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के बीच खेला जाएगा। इस मैच में सभी की नजरें लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत पर होंगी जो बल्ले से अभ तक प्रभावित नहीं कर पाए हैं। वहीं, पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर शानदार लय में चल रहे हैं।

पंजाब के कप्तान अय्यर आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं और उन्होंने अभी तक एक कप्तान और बल्लेबाज दोनों रूप में अच्छा प्रदर्शन किया है। वह अभी तक इस टूनामेंट में चार अर्धशतक लगा चुके हैं और उनकी टीम 10 मैचों में 13 अंकों के साथ तालिका में चौथे स्थान पर है।

दूसरी ओर पंत ने बल्ले से निराशाजनक प्रदर्शन किया है और उन्होंने 10 मैचों में कुल 110 रन बनाए हैं जिसमें चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ खेली गई 63 रन की पारी भी शामिल है। इस बीच वह छह पारियों में दोहरे अंक तक भी नहीं पहुंच पाए।



उनके इस खराब प्रदर्शन का असर टीम पर पड़ रहा है जो वर्तमान में 10 अंकों के साथ तालिका में छठे स्थान पर है।

### उम्मीदों पर खरे उतरे अय्यर

अय्यर ने पिछले सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिताब जीतने के अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, लेकिन मेगा नीलामी से पहले उन्हें रिलीज कर दिया गया था। पंजाब किंग्स ने उन्हें 26.75 करोड़ रुपये में खरीद कर कप्तान नियुक्त किया था और वह अपेक्षाओं पर पूरी तरह खरा उतर रहे हैं।

पंजाब के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल अंगुली में फ्रैक्चर के कारण शेष टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं और और उनकी जगह अजमतुल्लाह उमरजई, आरोन हार्डी और यहां तक कि जेवियर बार्टलेट को अंतिम एकादश में शामिल किया जा सकता है। बल्लेबाजी विभाग में अय्यर के अलावा सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह ने भी शानदार प्रदर्शन किया है जबकि प्रियांश आर्या, नेहल वढेरा और शशांक सिंह ने अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई है।

### चहल से रहना होगा सावधान

गेंदबाजी के मोर्चे पर, युजवेंद्र चहल की फॉर्म में वापसी से पंजाब को मजबूती मिली है। इस लेग स्पिनर ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में हैट्रिक बनाई थी। लखनऊ के बल्लेबाजों को उन्हें सतर्क होकर खेलना होगा।

जहां तक लखनऊ का सवाल है तो उसकी टीम एक सप्ताह के विश्राम के बाद तरोताजा होकर मैदान पर उतरेगी। पिछले मैच में तेज गेंदबाज मयंक यादव की वापसी सकारात्मक रही, फिर भी उसे मुंबई इंडियंस से 54 रन से हार का सामना करना पड़ा, जिससे मिचेल मार्श, एडेन मार्करम, निकोलस पूरन और डेविड मिलर जैसे पावर-हिटर्स से भरी बल्लेबाजी इकाई की खामियां उजागर हो गईं। लखनऊ की बल्लेबाजी पूरन (377 रन), मार्श (344), और मार्करम (326) पर बहुत निर्भर रही है और रविवार को होने वाले मैच में भी इनका प्रदर्शन काफी मायने रखेगा।

## कोहली लीग में सबसे ज्यादा बार 500+ रन बनाने वाले बल्लेबाज

# गेल-रोहित के खास क्लब में शामिल हुए धोनी




**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 में शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने चेन्नई सुपर किंग्स को दो रन से हरा दिया। यह आरसीबी की 11 मैचों में आठवीं जीत रही। इस जीत के साथ बेंगलुरु टीम अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बेंगलुरु की टीम ने 20 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 213 रन बनाए थे। जवाब में चेन्नई की टीम 20 ओवर में पांच विकेट पर 211 रन ही बना सकी। बेंगलुरु के लिए जैकब बेथेल ने 33 गेंद में 55 रन और विराट कोहली ने 33 गेंद में 62 रन की पारी खेली। यह आईपीएल में कोहली का 62वां अर्धशतक रहा। साथ ही उन्होंने इस सीजन 500 रन भी पूरे कर लिए। वह इस लीग के 18 सत्र के इतिहास में सबसे ज्यादा बार 500 का आंकड़ा छूने वाले बल्लेबाज बन गए। वहीं, महेंद्र सिंह धोनी क्रिस गेल और रोहित शर्मा के खास क्लब में शामिल हो गए।

### कोहली के इस सीजन 500 रन पूरे

कोहली ने अपनी पारी में पांच चौके और पांच छक्के लगाए। वह इस सीजन अब तक 11 पारियों में 63.12 की औसत और 143.47 के स्ट्राइक रेट से 505 रन बना चुके हैं। इस दौरान उन्होंने 44 चौके और 18 छक्के लगाए हैं। यह आठवीं बार है जब कोहली ने एक सीजन में 500 से ज्यादा रन बनाए हैं। 'किंग कोहली' इससे पहले वह साल 2011 में, 2013 में, 2015 में, 2016 में, 2018 में, 2023 में और 2024 में 500 से ज्यादा रन बना चुके हैं। इसके बाद डेविड वॉर्नर का नंबर आता है। वॉर्नर ने सात बार इस लीग में 500 से ज्यादा रन बनाए हैं। इसके बाद छह बार के साथ केएल राहुल और पांच बार के साथ शिखर धवन हैं।

### कोहली के सीएसके के खिलाफ सबसे ज्यादा रन

इतना ही नहीं कोहली किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए। कोहली ने चेन्नई के खिलाफ 1160 रन बनाए हैं, जबकि दिल्ली के खिलाफ 1154 रन बनाए हैं। वह टी20 में किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। इसके बाद डेविड वॉर्नर का नंबर आता है। वॉर्नर ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 1134 रन बनाए हैं। फिर शिखर धवन का नंबर आता है। धवन ने चेन्नई के खिलाफ 1105 रन बनाए हैं। इतना ही नहीं कोहली की टीम ने 18 सत्र में पहली बार आईपीएल के एक सीजन में लीग स्टेज में सीएसके को दोनों मैचों में हराया है। दोनों के बीच बेंगलुरु में खेले गए पिछले चार मुकाबलों में पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने चारों मैचों में जीत हासिल की है।

# कार्तिक ने दो, अमृता ने जीते नौ मेडल, अब एशियाई पावरलिफ्टिंग में खेलेंगे

**नई दिल्ली।** एशिया अंतर विश्वविद्यालयीय पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए भारतीय विश्वविद्यालयीय टीम में वाराणसी के दो खिलाड़ियों का चयन हुआ है। पुरुष वर्ग में काशी विद्यापीठ के कार्तिक और महिला वर्ग में अमृता का चयन हुआ है। प्रतियोगिता उत्तराखंड के नैनीताल में 5 से 12 मई तक खेली जाएगी। चयनित दोनों खिलाड़ी महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ से संबद्ध गहनी के सरस्वती उच्च शिक्षा व तकनीक महाविद्यालय के छात्र हैं।

महिला वर्ग में अमृता कुमारी एमए प्रथम वर्ष जबकि कार्तिक बीए प्रथम वर्ष के छात्र हैं। खिलाड़ियों के चयन पर प्रो. संतोष कुमार, डॉ. नवरत्न सिंह, डॉ. अमरेंद्र सिंह, नवीन कुमार सिंह (बबलू) ने बधाई दी है। दोनों ने ओपन नेशनल प्रतियोगिता में पिछले साल रजत पदक जीता था।

कोच डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि कश्मीर में हुई प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने विद्यापीठ का प्रतिनिधित्व किया था। अमृता ने चौथा और कार्तिक ने छठवां स्थान हासिल किया था। अमृता बिहार के पटना की रहने वाली हैं। कार्तिक उत्तराखंड के रहने वाले हैं।





कोच ने बताया कि दो अंतरविश्वविद्यालयीय प्रतियोगिता में अमृता ने दो रजत, नेशनल ओपन में एक रजत और एक कांस्य, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पांच गोल्ड जीत चुकी हैं। अब तक वह नौ पदक हासिल कर चुकी हैं। कार्तिक ने दो नेशनल में दो कांस्य पदक जीतने में सफलता हासिल की है।

### बरेका गोल्फ कोर्स को मिलेगी नई कार्ट

बरेका के गोल्फ खिलाड़ियों को एक नई गोल्फ कार्ट रविवार को मिल जाएगी। इसका उद्घाटन बरेका के महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह करेंगे। अधिकारियों के मुताबिक, गोल्फ कार्ट मिलने के बाद खेल का सामान लेकर आने-जाने में सहूलियत होगी। गोल्फर मनोज मांझी ने बताया कि यहां नई कार्ट मिल जाने के बाद खिलाड़ियों को एक से दूसरी जगह जा सकेंगे। गोल्फ कोर्स पर एक शॉर्ट खेलने के बाद खिलाड़ी को दूसरी जगह पैदल जाने में वक्त लगता था।





### संजोई अखाड़े में दंगल करेंगे 150 पहलवान

कुराश एसोसिएशन की ओर से एक दिवसीय दंगल संजोई अखाड़े में होगा। वाराणसी के 150 पहलवान इसमें हिस्सा लेंगे। आयोजन सचिव अजीत पाल ने बताया कि तैयारी पूरी कर ली गई। संजोई अखाड़े में दोपहर तीन से शाम छह बजे तक अलग-अलग भारवर्ग में दंगल होगा। मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री अजीत सिंह पाल खिलाड़ियों को पुरस्कृत करेंगे।

अंडर-17 सब जूनियर बालक बालिका पंडित गुप्तेश्वर मिश्र स्मृति जिला कुश्ती 7 मई को निवेदिता शिक्षा सदन बालिका इंटर कॉलेज महमूरगंज में खेली जाएगी। वजन में 1 किलो की छूट दी जाएगी। 2008 से 2009 के बीच और 2010 वाले खिलाड़ी चिकित्सा और माता-पिता के प्रमाणपत्र के साथ भाग ले सकते हैं आयु का सत्यापन आधार कार्ड, पासपोर्ट, निवास प्रमाण पत्र, 5 साल पुराना जन्म प्रमाण पत्र के द्वारा किया जाएगा। आधार कार्ड, निवास प्रमाणपत्र, जन्म प्रमाण पत्र साथ में आना होगा। दस्तावेज की जांच सुबह 8 बजे से होगी। निशानेबाजी में काशी का नाम रोशन कर रही पैरा शूटर सुमेधा पाठक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। वह 27 मई को कोरिया रवाना होंगी। अब तक नेशनल में आठ और अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में दो रजत पदक जीत चुकी हैं। इस बार पदक का रंग सुनहरा करने के लिए उतरेंगी। सुमेधा 10 मीटर पिस्टल में 14 पदक जीत चुकी हैं। पिता ब्रजेश पाठक ने बताया कि 2013 में दसवीं के दौरान मल्टी ड्रग ट्यूबरक्लॉसिस की वजह से सुमेधा के शरीर के निचले हिस्से (कमर से लेकर पैर तक) ने काम करना बंद कर दिया, लेकिन उसने हार नहीं मानी। शुरूआत 10 मीटर एयर पिस्टल से की और 2018 में पहली सफलता प्री-स्टेट शूटिंग में स्वर्ण जीतने पर मिली। फ्रांस में रजत और कोरिया में भी रजत जीता था। 2023 में चीन में एशियन गेम्स शूटिंग प्रतियोगिता में सातवें स्थान पर संतोष करना पड़ा था।



### कराटे में पदक विजेता 16 खिलाड़ियों का सम्मान आज

बीएचयू में खेली गई अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों का सम्मान समारोह रविवार शाम चार बजे होगा। विश्वकर्मा मार्शल आर्ट की तरफ से 16 खिलाड़ियों को दनियालपुर में सम्मानित किया जाएगा। निदेशक रमाशंकर विश्वकर्मा ने बताया कि 16 खिलाड़ियों ने 29 पदक जीते थे। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि मेजर अरविंद सिंह और कारगिल योद्धा अजय सिंह पुरस्कृत करेंगे। इस दौरान उनका मनोबल भी बढ़ाया जाएगा।

# शीर्ष किसान नेता के साथ की गई धक्का-मुक्की निंदनीय : विधायक मदन भैया

## भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के साथ की गई थी रैली में बदतमीजी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पहलगाम घटना के विरोध में हिंदू संगठनों द्वारा आयोजित की गई रैली में पहुंचे भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के साथ भीड़ द्वारा की गई हूटिंग एवं धक्का-मुक्की प्रकरण की खतौली विधायक मदन भैया ने निंदा की है। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रकरण बहुत ही शर्मनाक हैं।

शुक्रवार को मुजफ्फरनगर में स्थित टाउन हॉल के ग्राउंड में पहलगाम में हुई घटना के विरोध में हिंदू संगठनों के द्वारा जनाक्रोश रैली आयोजित की गई थी।

रैली का भारतीय किसान यूनियन ने पूर्व में ही अपना समर्थन दिया था। उसी के परिपेक्ष्य में भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत रैली में शामिल होने के लिए पहुंचे, इस दौरान वहां पहले से मौजूद भीड़ के द्वारा राकेश टिकैत के विरोध में बहुत जबरदस्त हूटिंग की गई। इतना ही नहीं राकेश टिकैत के साथ भीड़ द्वारा धक्का मुक्की करने का प्रयास किया गया। वहां मौजूद पुलिस के द्वारा सुरक्षित राकेश टिकैत को निकाला गया। इस दौरान उनकी पगड़ी भी नीचे गिर गई। जिसको लेकर यूनियन के लोगों में आक्रोश बना हुआ है। खतौली विधायक मदन भैया ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से उन्हें भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के साथ हुए प्रकरण की जानकारी मिली। उन्होंने उक्त घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है।

# अतिक्रमण की समस्या से परेशान इंदिरापुरम के लोगों ने नगर निगम में की शिकायत





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के लोग अतिक्रमण से परेशान होकर इस समस्या से राहत दिलाने के लिए पांच सोसायटी के प्रतिनिधियों ने नगर निगम से शिकायत की है। इस सोसायटियों में है अतिक्रमण की समस्या न्याय खंड प्रथम, सुपरटेक आइकन, गौर ग्रीन विस्ता, पत्रकार विहार, वीथ्रीएस इंद्रलोक तथा जीडीए जनता फ्लैट्स के निवासियों के एक प्रतिनिधि दल ने गाजियाबाद नगर निगम के मुख्य जोनल अधिकारी सुनील राय से मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा।

शनि चौक से साईं चौक तक सड़क के किनारे अवैध कब्जा

करंट क्राइम। एक घंटे तक चली इस मुलाकात में अधिकारी ने माना कि शनि चौक से साईं चौक एवं साईं चौक से गौर ग्रीन विस्ता तक सड़क के किनारे अवैध कब्जा है व पिछले दिनों की कार्रवाई पर्याप्त नहीं थी। इस बार अलग अलग विभाग, जैसे कि जीडीए, नगर विकास आदि सब के साथ मिलकर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई तेज करेंगे। निवासियों की शिकायत है कि अवैध रूप से बनाए गए मोटर वर्कशॉप, कबाड़ एवं अन्य दुकानों के अतिक्रमण के कारण गंदगी, ट्रैफिक जाम के साथ साथ इलाके में अपराध की घटनाएं भी बढ़ रही है। इससे पहले कल ही नागरिकों ने हाल-फिलहाल के कुछ आपराधिक वारदातों की सीसीटीवी प्रिंट लेकर एसीपी इंदिरापुरम, अभिषेक श्रीवास्तव के कार्यालय जाकर उनसे मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर मनोज ठाकुर, आशीष कुमार, आशीष तोमर, अंशुमान बोस, ज्योत्सना शर्मा, रीतिका गौड़, नेहा गुप्ता, श्वेता वर्मा तोमर, जय जोशी, पूरन सिंह बिष्ट से गोविंद सिंह, अनिल रत्रा, डीपी बमौला, विकास सैनी आदि लोग मौजूद रहे।

# ब्राह्मण त्यागी समाज ने निकाली भगवान परशुराम की शोभा यात्रा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रविवार को भगवान परशुराम की शोभा यात्रा बड़े धूम धाम से निकाली गयी। शोभा यात्रा सीकरी कला से प्रारम्भ होकर मुख्य मार्ग से होते हुए भगवान परशुराम के मंदिर पुरानी तहसील तक गयी। शोभा यात्रा का प्रारम्भ वैदिक मंत्रो के उच्चारण से किया गया। भगवान परशुराम के भक्तों ने शोभा यात्रा का दर्जनों स्थानों पर पुष्प वर्षा करते हुए भव्य स्वागत किया। शोभा यात्रा में मनमोहक झांकियों और विशेष प्रथम बार अखंड परशुराम अखाड़े ( हरिद्वार ) से आये विद्यार्थियों ने अपने अस्त्र-शस्त्र के करतबों का प्रदर्शन किया। यात्रा का आयोजन ब्राह्मण त्यागी समाज ने किया। इस मौके पर पूर्व विधायक सुदेश शर्मा, पूर्व चैयरमेन राम आश्रेय शर्मा, चैयरमेन विनोद वैशाली, प्रदीप शर्मा सभासद, बबलू कौशिक सभासद, ललित त्यागी सभासद, पूर्व सभासद दीपक वत्स, पूर्व सभासद आशीष त्यागी, पप्पन शर्मा, जय प्रकाश शर्मा, प्रमोद शर्मा, संजय तिवारी, शुभम हिन्दू, नकुल त्यागी, अभिषेक त्यागी, कौशल शर्मा, संजय शर्मा, हरेंद्र शर्मा, मयंक शर्मा, पुनीत त्यागी, राजीव शर्मा, अमित शर्मा, सचिन शर्मा, हिमांशु शर्मा, बी के शर्मा, ललित शर्मा, विनय शर्मा, गुलशन शर्मा, कपिल शर्मा, योगेश गौड, मनोज शर्मा, अरुण त्यागी, अनिल त्यागी, केरवी शर्मा, स्वेता शर्मा, गीता कौशिक, सुनील शर्मा, सुनील द्विवेदी, भीष्म शर्मा, मधुसूधन, मनीष अग्रवाल, जतिन शर्मा अपराजिता, सीमा शर्मा, मधुर नेहरा, विनय शर्मा, हनी शर्मा आदि गणमान्य लोग उपस्थिति थे।

# भाजपा ने लोनी में किया 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर कार्यक्रम आयोजित







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को लेकर गाजियाबाद में भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिलाध्यक्ष चौधरी चैनपाल सिंह के नेतृत्व में लोनी इन्द्रापुरी भगवती पैलेस में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता दर्जा प्राप्त पूर्व राज्य मंत्री व्यापारिक कल्याण बोर्ड उत्तर प्रदेश अशोक गोयल ने कहा कि व्यापारी संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय व्यापारियों को इस नीति की जानकारी देना और उनके विचारों व समर्थन को प्राप्त करना है।

पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश सिंघल ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य भाजपा की नीति का प्रचार-प्रसार करना ही नहीं था, बल्कि व्यापार जगत को सक्रिय रूप से जोड़ना भी था ताकि भविष्य में होने वाले बदलावों में उनकी सहभागिता सुनिश्चित की जा सके।



कार्यक्रम की अध्यक्षता रतन सिंह भाटी तथा आयोजन जिला संयोजक एवं भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पार्षद सतेन्द्र बंसल द्वारा किया गया तथा संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण बंसल ने किया। इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता आर सी अग्रवाल, विनोद मित्तल, भौपाल प्रधान, जिला उपाध्यक्ष कौमुदी चौधरी, विजय भाटी, जिला महामंत्री राजेंद्र बाल्मीकि, जिला मंत्री सुदेश भारद्वाज, आकाश गौतम, राजबीर प्रजापति, विनय गुर्जर, नितिन मित्तल, सहयोगी सुमित अग्रवाल सौरभ शर्मा आदि सहित भाजपा जिला पदाधिकारीगण मोर्चों के पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कौशांबी और मधुबन बापूधाम थाने को मिले नए प्रभारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में रविवार की रात दो खाली हुए थानों को नए प्रभारी मिल गए हैं। पुलिस आयुक्त द्वारा ट्रांस हिंडन जोन के थाना कौशांबी में प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार शर्मा को तैनात किया गया है। इससे पूर्व पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिंडन के वाचक रहे हैं। बीते दिनों कौशांबी थाने के थानाध्यक्ष संदीप सिंह का पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुध नगर तबादला हो गया था। तो वहीं सिटी जोन के अंतर्गत आने वाले मधुबन बापूधाम थाने पर उप निरीक्षक अखिलेश कुमार सिंह को थानाध्यक्ष के रूप में तैनात किया गया है। इससे पहले व राजेंद्र नगर चौकी थाना साहिबाबाद में पोस्ट थे। दोनों ही तबादलों में ट्रांस हिंडन जोन को वरीयता दी गई है। उधर पुलिस कमिश्नर की पहली लिस्ट आने के बाद कमिश्नरेट के कई थाना प्रभारियों ने राहत वाली सांस ली है। बताया जा रहा है कि देहात और ट्रांस हिंडन जोन के कई थानेदारों पर खतरा था, लेकिन इस लिस्ट में उन्हें ऑक्सीजन मिल गई है। देखना होगा कि आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में क्या बदलाव और देखने को मिलेंगे।

# पार्षद शशि खेमका ने किया बूम बैरियर का उद्घाटन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 94 के पार्षद शशि खेमका ने रविवार की सूर्यनगर में अलकनंदा रोड एग्जीक्यूटिव ब्लॉक, ई, एफ, जी, सी ब्लॉक वही रामपुरी के बी1 से बी10 के क्षेत्र आता है। जिसका सीसी रोड का निर्माण करवाया गया था जिसका नामकरण 'श्याम पथ' के नाम से किया गया। पार्षद शशि खेमका ने कहा कि सभी की सहमति से इस सीसी रोड के निर्माण के बाद अलग-अलग ब्लॉक की एसोसिएशन ने मिलकर एक एसोसिएशन बना ली जिसका नाम 'श्याम पथ एसोसिएशन' रखा गया। कई वर्षों बाद सभी भाइयों ने मिलकर सांस्कृतिक, धार्मिक एवं विकास के कार्यों में मिलकर काम करने का बीड़ा उठाया। आज इस 'श्याम पथ' पर बूम बैरियर के उद्घाटन किया गया। मैं 'श्याम पथ एसोसिएशन' के सभी पदाधिकारी का धन्यवाद एवं आभार प्रकट करता हूं और भविष्य में पूर्ण सहयोग की प्रतिज्ञा करता हूं।

# चोरी की बाइक पर नंबर प्लेट लगाकर लूट करने वाले को पुलिस ने मारी गोली



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम पुलिस ने रविवार को मुठभेड़ में एक लुटेरे को गोली मारी, जिसके पास से पुलिस ने चोरी की बाइक, लूटी हुई चेन व एक तमंचा बरामद हुआ है। यह इंदिरापुरम और आसपास के क्षेत्र में लगातार लूट की वारदात कर रह था। पैर में गोली लगने से घायल लुटेरे को अस्पताल ले जाया गया है। इंदिरापुरम एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि पकड़ा गया लुटेरा तालिब पुत्र अशरफ उर्फ असलम निवासी इंद्रापुरी रावली रोड मुरादनगर का रहने वाला है। जिसके खिलाफ अलग अलग थानों में चोरी व लूट के मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस पर तमंचे से फायर झोंका इंदिरापुरम पुलिस आज सुबह चेकिंग कर रही थी। चेकिंग के दौरान वैशाली सेक्टर की पुलिया के पास नहर किनारे बने सर्विस रोड पर बाइक सवार युवक को रुकने का इशारा किया। जहां युवक नहीं रुका तथा बाइक को तेजी से पीछे मोड़ते हुए भागने का प्रयास किया। इस दौरान बाइक फिसलकर गिर गयी। जिसके बाद युवक ने पुलिस पर तमंचे से फायर किया और भागने लगा। पुलिस ने गोली चलाई तो युवक के पैर में लगी। महिला की चेन व कुंडल लूटता पूछताछ करने पर पुलिस को आरोपी ने बताया कि मैं चोरी की बाइक से गाजियाबाद, नोएडा व दिल्ली में राह चलते महिला व व्यक्तियों से उनके चेन, महिलाओं के कुंडल, मोबाइल फोन झपटमारी करता है। एक दिन पहले गाजियाबाद में बिहारी मार्केट में महिला से चेन लूट ली थी।




## नदिया पार वाले बने हुए हैं टॉप पर !

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बदलाव होने के बाद नदिया पार वाले लगातार ऑपरेशन ठोंको को अंजाम देने में लगे हुए हैं। सिटी से नदिया पार की कमान संभालने के बाद सर्किल वाले साहब लगातार बदमाशों पर कार्रवाई कर रहे हैं। पुलिस गोली पर गोली चला रही है, तो अपराधी पकड़े जा रहे हैं। वैसे भी पुलिस कमिश्नरेट में परिवर्तन होने के बाद से नदिया पार वाले एक सर्किल के द्वारा लगातार बदमाशों पर गोली चलाई जा रही है। इससे पूरे कमिश्नरेट में खलबली मची हुई है। बताया जा रहा है की गोली चलाने के मामले में अभी सिटी वाले प्लान बना रहे हैं। तो देहात वाले एक प्लान को अंजाम दे चुके हैं। वहीं सुनने में आ रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में क्राइम कंट्रोल करने वाली टीम भी कोई बड़े टास्क में लगी हुई है। इन सबके बीच जानकारी यह है कि जिस तरीके से बीते 18 दिनों में दो हाफ एनकाउंटर नदिया पार वाले एक सर्किल में हुए हैं, उससे कई एसीपी और थानों के प्रभारी अटेंशन और टेंशन वाले मोड में आ गए हैं। उनको अंदर ही अंदर डर सता रहा है की कहीं हाफ वाले प्लान में देरी उनकी टेंशन को ना बढ़ा दे। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में चर्चा जोरों पर है कि जल्द ही थानों में बदलाव वाली पहली लिस्ट आने वाली है। इसका असर सिटी, ट्रांस हिंडन और देहात तीनों ही जोन में होने की जानकारी मिल रही है। तो वहीं एसीपी स्तर के एक से दो अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव की भी चर्चा इन दिनों पुलिस ऑफिस में सुनाई दे रही है। उधर जिस तरीके से नदिया पार में हाफ वाले एनकाउंटर हो रहे हैं, इसका दबाव देहात और सिटी दोनों जोन में धीरे-धीरे पढ़ना शुरू हो गया है। देखना होगा कि देहात वाले तो अपने कार्य को अंजाम दे चुके हैं। अब सिटी वाले कब तक अपना खाता खोलते हैं। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एसीपी अधिकारियों में टॉप वाली रैंकिंग पर कौन आएगा यह भी देखा जाना बेहद महत्वपूर्ण रहेगा। पुलिस के अधिकारियों की अपनी वर्किंग और रैंकिंग होती है, देखना होगा कि कमिश्नरेट वाले सिस्टम में कौन से जोन वाले एसीपी नंबर वन पर रहते हैं और नंबर वन वाला यह खिताब किसके नाम पर आगे भी बरकरार रहता है। वैसे जिस तरीके से नदिया पार वाले लगातार हाफ वाला एनकाउंटर कर रहे हैं, उनकी चर्चा दोनों जोन में जमकर हो रही है।




# वसुंधरा मनोकामना अपार्टमेंट में आरडब्ल्यूए ने चलाया सफाई अभियान





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा के सेक्टर चार स्थित मनोकामना अपार्टमेंट के आरडब्ल्यूए द्वारा रविवार को कॉलोनी में सफाई अभियान चलाया। इसमें स्थानीय लोगों ने सहयोग किया। अभियान में कॉलोनी के चारों तरफ बनी ग्रीन बेल्ट की सफाई करते हुए पेड़ों में पानी दिया गया। इससे पूर्व लोगों ने कॉलोनी के पार्कों को साफ किया था। रविवार को अवकाश होने के कारण बड़ी संख्या में लोगों ने श्रमदान किया। अध्यक्ष बृजपाल सिंह और महासचिव भारत डोबी ने कहा कि आगामी दिनों में भी अभियान चलाए जाएंगे। मौके पर आशीष, पवन, सतीश, संतोष, प्रदीप, जयदेव, रत्नेश, रमेश डोबी, विशाल आदि मौजूद रहे।

# किसान की जमीन पर फर्जी दस्तावेजों से बैंक धोखाधड़ी

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** किठौर थाना क्षेत्र में एक बड़ी बैंक धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। भगवानपुर खादर के किसान प्रभुदयाल शर्मा की कृषि भूमि के नाम पर अज्ञात व्यक्ति ने फर्जी दस्तावेजों से 15 लाख रुपये का लोन ले लिया। प्रभुदयाल की चांदपुर स्थित कृषि भूमि पर केनरा बैंक की किला परीक्षितगढ़ शाखा से 9.65 लाख रुपये का केसीसी लोन पहले से चल रहा था। अज्ञात व्यक्ति ने फर्जी हस्ताक्षर और पहचान पत्र बनाकर इस लोन को चुकता दिखाया। इसके बाद राजस्व अभिलेखों में हेरफेर कर नए दस्तावेज तैयार किए गए। आरोपी ने 1 फरवरी 2024 को हापुड़ के कोठी गेट स्थित केनरा बैंक शाखा से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर 15 लाख रुपये का लोन निकाल लिया। प्रभुदयाल को 20 अगस्त को तहसील से खतौनी निकलवाते समय धोखाधड़ी का पता चला। बैंक के रिकॉर्ड में उनके नाम पर दूसरे व्यक्ति का फोटो और फर्जी हस्ताक्षर पाए गए। पीड़ित का आरोप है कि इस धोखाधड़ी में बैंक के कुछ कर्मचारियों की भी मिलीभगत है। एसपी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह के अनुसार मामले की जांच जारी है।




# अज्ञात वाहन ने कार को मारी टक्कर, 5 घायल

## दिल्ली हाईवे पर हुआ हादसा, होटल से खाना खाकर लौट रहे थे पांचों





**हापुड़ (करंट क्राइम)।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र में शिव ढाबा के पास एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। अज्ञात वाहन ने कार को टक्कर मार दी, जिससे कार में सवार पांच दोस्त घायल हो गए। जिन्हें पुलिस ने अस्पताल में भर्ती करवाया।। दरअसल, घटना उस समय हुई जब पांचों दोस्त एक होटल से खाना खाकर लौट रहे थे।

स्थानीय लोगों ने तुरंत बाबूगढ़ थाना पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी विजय गुप्ता पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घायलों को पहले सीएचसी में भर्ती कराया गया। उनकी स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने मेरठ के अस्पताल में रेफर कर दिया। घायलों में कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अतरपुरा निवासी वरुण, कुणाल, प्रथम और दिल्ली निवासी राहुल तथा मेरठ निवासी अन्नू शामिल हैं। थाना प्रभारी विजय गुप्ता के अनुसार मामले की जांच जारी है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। पुलिस अज्ञात वाहन चालक की तलाश में जुटी है।

# जापान की हवाई सीमा में घुसा चीन का हेलिकॉप्टर
## 15 मिनट तक घूमता रहा, टोक्यो ने दर्ज किया कड़ा विरोध

**टोक्यो ।** चीन भी इन द्वीपों पर दावा करता है और उन्हें 'दियाओमू' कहता है। जापान की समाचार एजेंसी 'क्योदो' ने बताया कि यह घटना शनिवार को हुई और यह इस तरह की चौथी घुसपैठ है। जापानी तटरक्षक बल के मुताबिक, 'दोपहर 12 बजकर 20 मिनट पर एक चीनी तटरक्षक जहाज से हेलिकॉप्टर को उड़ान भरते देखा गया। यह हेलिकॉप्टर 15 मिनट तक जापानी हवाई सीमा में घूमता रहा। इसके बाद जापान की वायु सेना ने दो लड़ाकू विमान भेजे।



जापानी विदेश मंत्रालय ने बताया कि यह हेलिकॉप्टर सेनकाकू द्वीपों के ऊपर से जापनी हवाई सीमा में आया था। मंत्रालय ने बताया कि शनिवार की दोपहर 12 बजे चीनी तटरक्षक बल के चार जहाज जापानी जल सीमा में दाखिल हुए और उनमें से एक जहाज से उड़ान भरने वाला हेलिकॉप्टर जापानी हवाई क्षेत्र में घुस आया।

इस घटना के बाद के जापान के एशिया और ओशिनिया मामलों के ब्यूरो के महानिदेश ने टोक्यो स्थित चीनी दूतावास से उप राजदूत झाओ बाओगांग को बुलाया और विरोध दर्ज कराया। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

**जापान ने चीन के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज कराया है, क्योंकि एक चीनी तटरक्षक जहाज से उड़ान भरने वाले हेलिकॉप्टर ने जापान की हवाई सीमा में प्रवेश किया। इसके अलावा, चार चीनी जहाज विवादित सेनकाकू द्वीपों के पास जापानी जल सीमा में घुस आए**

दूसरी ओर, चीन के सरकार नियंत्रित 'ग्लोबल टाइम्स' अखबार ने बताया कि चीन के तटरक्षक जहाज शनिवार को नियमित गश्त कर रही थे। उसी दौरान एक जापानी नागरिक विमान चीन के हवाई क्षेत्र (दियाओयू द्वीप के ऊपर) में सुबह 11.19 बजे घुसा और 11.24 बजे बाहर निकल गया। चीन के तटरक्षक बल ने जरूरी कदम उठाए और एक हेलिकॉप्टर को भेजकरक उस विमान को चेतावनी दी और खदेड़ दिया। ग्लोबल टाइम्स के मुताबिक, चीन में जापान के राजदूत वु जिआंगहाओ ने जापान के उप विदेश मंत्री टाकेहिरो फुनाकोशी के सामने इस घटना पर आपत्ति जताई।

# सैकड़ों बार सांप से कटवा चुके व्यक्ति के खून से वैज्ञानिकों ने बनाई स्नेक वैक्सीन

**वॉशिंगटन ।** सैकड़ों बार जहरीले सांपों से कटवा चुके एक व्यक्ति के रक्त से अबतक की सबसे असरदार स्नेक वैक्सीन बनाई गई है। वैज्ञानिकों ने बताया इस वैक्सीन बनाने में ऐसे व्यक्ति द्वारा दान किए गए रक्त का उपयोग हुआ है जिसने सांप के अत्यधिक बार काटने की वजह से सांप के जहर के प्रति हाईपर इम्युनिटी विकसित कर ली है।



टिम फ्रीडे नाम के अमेरिकी शख्स ने खुद को सैकड़ो बार जहरीले सांपों से कटवाया है। वैज्ञानिक अब उनके खून का सैम्पल लेकर एंटीवेनम (सांप के जहर को बेसर करने वाली दवा) बना रहे हैं। सांपों के काटने से लोगों को बचाने की जिज्ञासा के चलते फ्रीडे ने खुद को सांपों के जहर की छोटी खुराक देनी शुरू की। धीरे-धीरे खुराक बढ़ाकर उन्होंने शरीर में जहर सहने की ताकत विकसित की और फिर सांपों से कटवाना शुरू किया।]

सेल पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन में पाया गया कि नव विकसित एंटीवेनम चूहों को ब्लैक माम्बा, किंग कोबरा और टाइगर सांपों के विष से बचा सकता है। जर्नल ने बताया कि फ्रीडे के खून से 2 एंटीबॉडीज मिलीं हैं जो कई सांपों के जहर को बेअसर करती हैं। इसका लक्ष्य एक ऐसा इलाज बनाना है जो कई सांपों के जहर पर काम करे। यह शोध शुरूआती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) के आंकड़ों के अनुसार हर साल लगभग 81,000 से 1,38,000 लोग सांप के काटने से मर जाते हैं जिनमें से अधिकांश अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका में होते हैं।

# कॉन्क्लेव से पहले ऑनलाइन सट्टा शुरू, यूरोपा लीग फॉर्मूला वन चैंपियनशिप से भी बढ़कर लग रहे दांव

**वेटिकन सिटी ।** दुनिया के 1.4 अरब कैथोलिकों के नेता के रूप में पोप फ्रांसिस के उत्तराधिकारी का चुनाव करने के लिए अगले सप्ताह होने वाला सम्मेलन सदियों पुरानी परंपराओं से जुड़ा है। हालांकि, अगले पोप को लेकर दोस्तों और परिवारों से लेकर ऑनलाइन गेम तक सट्टा लगना शुरू हो गया है। प्रमुख ऑनलाइन प्लेटफॉर्म ह्यऑड्सचेकरह्न के ब्रिटिश मैनेजर सैम ईटन ने कहा कि यह सट्टेबाजी यूरोपा लीग सॉकर टूनामेंट और फॉमूर्ला-वन ड्राइवरों की चैंपियनशिप से भी आगे निकल गई है।



ऑड्सचेकर एक प्रमुख ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है, जो खेल, आयोजनों और अन्य बाजारों में बाधाओं का विश्लेषण करता है। ईटन ने कहा, पोप के चुनाव को लेकर विश्व स्तर पर बहुत अधिक रुचि है। मुझे नहीं लगता कि हमारे पास ऐसा कोई बाजार है, जहां इतने सारे देश इस चुनाव को देखने में रुचि रखते हों। दुनियाभर में अगले पोप पर हजारों लोगों ने दांव लगाए हैं। उन्होंने बताया, करीब 140 देशों से लाखों लोग अगले पोप बनने की प्रत्येक कार्डिनल की संभावनाओं की समीक्षा करने के लिए ऑड्सचेकर पर आए हैं। इसके लिए ब्रिटेन, आयरलैंड और अमेरिका में विशेष उत्सुकता देखी गई। यह वैश्विक रुचि का विषय भी है। कार्डिनल्स की काल्पनिक टीमें इटली में पोप चुनाव और सभी धार्मिक आयोजनों पर सट्टा लगाना प्रतिबंधित है। रोम में दोस्ताना दांव से लेकर फैंटापापा या फैंटेसी पोप नामक ऑनलाइन गेम की ओर रुख भी कर रहे हैं। यह लोकप्रिय फैंटेसी फुटबॉल व सॉकर लीग के समान है। कार्डिनलों की काल्पनिक टीमें बनाकर 60,000 से अधिक लोग इसे खेल रहे हैं। प्रत्येक व्यक्ति सॉकर टीम की तरह 11 कार्डिनल्स चुन रहा है। 30,000 पाउंड का दांव ब्रिटेन में एक प्रमुख ऑनलाइन सट्टेबाजी मंच पर करीब 30,000 पाउंड (लगभग 40,000 डॉलर) का दांव लगाया गया। अरबपति ले फेल्प्स ने कहा, 21 अप्रैल से, हमने हजारों दांव लगाए हैं।

# मनीला एयरपोर्ट के गेट के पास कार दुर्घटनाग्रस्त, मासूम समेत दो की मौत

**फिलीपींस ।** फिलीपींस में रविवार सुबह मनीला के हवाई अड्डे के प्रवेश द्वार से एक वाहन टकरा गया। हादसे में चार वर्षीय बच्ची समेत दो लोगों की मौत हो गई। दूसरा पीड़ित एक वयस्क पुरुष था। हवाई अड्डे के संचालक न्यू एनएआईए इंफ्रा कंपनी और रेड क्रॉस के मुताबिक, घटना में अन्य लोग घायल हुए हैं और वाहन का चालक पुलिस हिरासत में है।




निनॉय एक्विनो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दर्जनों आपातकालीन कर्मियों को एक काले रंग की एसयूवी के चारों ओर देखा गया। कार प्रवेश द्वार के पास एक दीवार से टकरा गई थी। बाद में वाहन को घटनास्थल से हटा दिया गया। हवाई अड्डे के संचालक ने कहा कि वह घटना की जांच के लिए अधिकारियों के साथ संपर्क में हैं।

इस बीच अमेरिका में एक और विमान हादसे का शिकार हो गया। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार दोपहर को एक छोटा विमान सिमी वैली के एक इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे के दौरान विमान में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो घर क्षतिग्रस्त हो गए। अग्निशमन दल ने तुरंत मोर्चा संभाला और पुलिस ने सड़कों की घेराबंदी कर लोगों को इलाके से दूर रहने की चेतावनी दी। इलाके के वुड रांच खंड में एक घर की छत से धुआं निकलता देखा गया, यह लॉस एंजिल्स से लगभग 50 मील (80 किलोमीटर) उत्तर-पश्चिम में स्थित है। गनीमत रही कि लोग घर के अंदर थे और उन्हें कोई नुकसान नहीं हुआ। सभी इलाके से बाहर सुरक्षित जगह पर ले जाया गया है।

# देश में सरकार बदलने के बाद से संपादक हटाए गए, जेल में डाला

**ढाका ।** बांग्लादेश में मीडिया के सामने गंभीर चुनौतियों के बीच शनिवार को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। गत वर्ष शेख हसीना सरकार के बाद से ही बांग्लादेश जिन कट्टरपंथी ताकतों के हाथ में है, वह हर



जगह अपनों को बिठाने के चक्कर में मीडिया पर सेंसरशिप भी लागू कर रही हैं। इसके लिए सरकार ने कई समाचार पत्रों, टीवी के संपादकों और पत्रकारों को उनके पदों से हटा दिया। कई को जेल में डाला और नए व समान विचारधारा वालों को जोड़ लिया गया। बांग्लादेश के बंगाली दैनिक समाचार पत्र अजकर पत्रिका के संपादक पत्रकार गुलाम रहमान ने देश के मीडिया में बढ़ती सेंसरशिप और पारदर्शिता की कमी पर चिंता जताई है। रहमान ने संपादकीय फेरबदल और गिरफ्तारियों के इस पैटर्न को खामोश संकट बताया।

# भारत की कार्रवाई से बौखलाया पाकिस्तान
## भारतीय जहाजों के लिए बंद किए अपने बंदरगाह

**इस्लामाबाद ।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव अपने पूरे चरम पर है। हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान को जहां वैश्विक स्तर पर अलग-थलग करने में कोई कसर बाकी नहीं रखी है, वहीं रणनीतिक और कूटनीतिक स्तर पर भी उसे कई झटके दिए हैं। इस बीच, भारत की कार्रवाई से बौखलाए पाकिस्तान ने भारतीय जहाजों द्वारा अपने बंदरगाहों के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। पाकिस्तान का यह कदम तब सामने आया है, जब भारत ने शनिवार को पाकिस्तान से आने वाले या पाकिस्तान से होकर गुजरने वाले माल के आयात और अपने बंदरगाहों में पाकिस्तानी जहाजों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया था। इतना ही नहीं, भारत ने पाकिस्तान के लिए सभी श्रेणियों की डाक और पार्सल सेवाओं पर रोक लगा दी है। अब डाक और पार्सल को हवाई और जमीनी रास्तों से न ही भेजा जा सकेगा और न ही प्राप्त किया जा सकेगा।



पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शनिवार देर रात पाकिस्तान के शीर्ष नेतृत्व ने आदेश दिया कि किसी भी भारतीय ध्वजवाहक को किसी भी पाकिस्तानी बंदरगाह पर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके अलावा, पाकिस्तानी जहाजों को किसी भी भारतीय बंदरगाह पर डॉक करने पर भी रोक लगा दी गई है। पाकिस्तान द्वारा कहा गया कि पड़ोसी देश के साथ समुद्री स्थिति के हालिया विकास को देखते हुए।

# ब्रिटेन पुलिस ने ईरान के कई संदिग्धों को किया गिरफ्तार, आतंकी हमले की योजना बनाने का आरोप

**लंदन ।** ब्रिटेन के आतंक रोधी बल ने ईरान के कई लोगों को गिरफ्तार किया है। दावा है कि ये लोग ब्रिटेन में आतंकी हमले की साजिश रच रहे थे। हालांकि पुलिस ने अभी इस मामले में ज्यादा जानकारी देने से इनकार कर दिया है। पुलिस के अनुसार, खुफिया सूचना के आधार पर ये गिरफ्तारियां की गई हैं। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ में जुटी है।

### संदिग्धों से चल रही पूछताछ

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए पांच लोगों की उम्र 29 साल से लेकर 46 साल के बीच है। चार की पहचान ईरानी नागरिकों के तौर पर हुई है। वहीं पांचवें की नागरिकता की जांच चल रही है। पुलिस ने पांचों को इंग्लैंड के अलग-अलग ठिकानों से गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि इनके अलावा तीन और ईरानी नागरिकों को हिरासत में लिया गया है। इन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए हिरासत में लिया गया है। सभी संदिग्धों से पूछताछ चल रही है, लेकिन अभी किसी पर भी आरोप तय नहीं किए गए हैं। बीते साल भी ब्रिटेन की सरकार ने 20 संदिग्धों को हिरासत में लिया था



पुलिस ने अभी इस मामले में ज्यादा जानकारी नहीं दी है। ब्रिटिश पुलिस के शीर्ष अधिकारियों ने बताया कि पुलिस संदिग्धों के उद्देश्य की जांच करने में जुटी है और ये भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आतंकी हमले का खतरा पूरी तरह से टल गया है या नहीं। अधिकारियों ने बताया कि सरकार, पुलिस और खुफिया एजेंसियों के साथ मिलकर देश को सुरक्षित रखने के लिए हरसंभव कदम उठा रही है। गौरतलब है कि बीते साल अक्तूबर में भी ब्रिटेन की खुफिया एजेंसी एमआई5 की चीफ केन मैक्कुलम ने बताया था कि उनके एजेंट्स और पुलिस ने ईरान से साल 2022 से 20 खतरों को नेस्तानाबूत किया है।

# गीदड़भभकियों से बाज नहीं आ रहा पाकिस्तान, तनाव के बीच पड़ोसी के राजदूत ने उगला परमाणु हमले वाला जहर

**मॉस्को ।** राजदूत ने कहा कि अगर नई दिल्ली अपने पड़ोसी पर हमला करता है तो इस्लामाबाद परमाणु हथियारों सहित अपनी पूरी ताकत का इस्तेमाल करेगा। हालांकि, वो शायद यह भूल गए उनका देश पाई-पाई के लिए दुनियाभर के सामने हाथ फैला रहा है। उनकी खुद की आवाम आटे और पानी के लिए जद्दोजहद कर रही है। ऐसे में उन्हें वैश्विक नेता के तौर पर उभर रहे भारत के लिए कुछ भी बोलने से पहले कई बार सोचना चाहिए था।



**पिछले महीने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ता ही जा रहा है। इस वजह से पड़ोसी मुल्क के राजनेताओं से लेकर नौकरशाहों तक की बेचैनी और बड़बोलापन दुनिया के सामने आ गया है। इसी बौखलाहट के क्रम में रूस में आर्थिक तंगी से जूझ रहे पाकिस्तान के राजदूत ने खुलेआम भारत को धमकी दी है**

### मुहम्मद खालिद जमाली ने उगला जहर

रूसी मीडिया आरटी को दिए गए साक्षात्कार में राजदूत मुहम्मद खालिद जमाली ने दावा किया कि कुछ लीक हुए दस्तावेजों से पता चला है कि भारत पाकिस्तान के कुछ इलाकों पर हमला करेगा। ऐसा होकर ही रहेगा। उन्होंने कहा, 'भारत के मीडिया और उस तरफ से आने वाले गैरजिम्मेदाराना बयानों ने हमें ऐसा सोचने लिए मजबूर किया है। कुछ अन्य लीक हुए दस्तावेज भी हैं, जिनके मुताबिक पाकिस्तान के कुछ इलाकों पर हमला करने का फैसला किया गया है। इसलिए हमें लगता है कि ऐसा होने वाला है और यह होकर रहेगा।

उन्होंने कहा, 'जब भारत और पाकिस्तान की बात आती है, तो हम ताकत की इस बहस में शामिल नहीं होना चाहते। हम अपनी पूरी ताकत का इस्तेमाल करेंगे यानी पारंपरिक और परमाणु दोनों तरह की ताकत। जमाली ने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान के लोगों की ओर से समर्थित सशस्त्र बल पूरी ताकत से जवाब देंगे।

22 अप्रैल को आतंकवादियों ने बैसरन घाटी में घूमने आए पर्यटकों की गोली मारकर निर्मम हत्या कर दी थी। इलाके को मिनी स्विट्जरलैंड कहा जाता है। यहां केवल पैदल या घोड़े पर बैठकर पहुंचा जा सकता है। इस प्रक्रिया में एक नेपाली नागरिक सहित 26 लोग मारे गए थे। आतंकवादियों ने गैर-मुस्लिम पर्यटकों को निशाना बनाया था। उन्होंने पर्यटकों से उनका धर्म और पहचान पूछकर गोली मारी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमले के बाद से ही कई महत्वपूर्ण सुरक्षा और कैबिनेट बैठकें कीं और देश से वादा किया कि उनकी सरकार पहलगाम हमले में शामिल आतंकवादियों को बख्शेगी नहीं। इससे पहले भारत ने पाकिस्तान के साथ राजनयिक संबंधों को कमतर कर दिया। सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया गया। पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए सभी वीजा रद्द कर दिया गया।

# पाकिस्तान का दोहरा चरित्र, खुद आतंक की पनाहगाह, अब अपने ही लोगों पर बना रहा दबाव

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान का एक बार फिर दोहरा चरित्र सामने आया है। दरअसल एक तरफ पाकिस्तान आतंक की पनाहगाह बना हुआ है तो दूसरी तरफ अपने खिलाफ उठने वाली हर आवाज को वह आतंकवाद का नाम देकर चुप कराने की कोशिश कर रहा है। बता दें कि हाल ही में पाकिस्तानी सेना ने तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान के एक कमांडर को ढेर किया था। खबर है कि उस कमांडर की नमाज ए जनाजा पढ़ाने से पाकिस्तान के मौलवियों ने इनकार कर दिया। मौलवियों ने टीटीपी कमांडर की नमाज ए जनाजा पढ़ाने से किया इनकार मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, टीटीपी कमांडर मिन्हाज की बीते हफ्ते पाकिस्तानी सेना के साथ उत्तरी वजीरिस्तान इलाके में हुई मुठभेड़ में मौत हो गई थी। शनिवार को दक्षिणी वजीरिस्तान में उसके शव को दफनाया गया तो इलाके के सभी मौलवियों ने उसकी नमाज ए जनाजा पढ़ाने से इनकार कर दिया। मौलवियों का कहना है कि टीटीपी कमांडर निर्दोष लोगों की मौत का जिम्मेदार था और उसने पाकिस्तान सरकार के खिलाफ लड़ाई लड़ी। इसके विरोध में ही मौलवियों ने नमाज नहीं पढ़ी। इसके बाद 10-20 लोगों ने बिना मौलवी के ही मिन्हाज के शव को दफनाया।



**उग्रवाद से जूझ रहा पाकिस्तान का वजीरिस्तान इलाका** : गौरतलब है कि पाकिस्तान का वजीरिस्तान इलाका अशांत माना जाता है। माना जा रहा है कि पाकिस्तान की सेना और प्रशासन ने ही स्थानीय मौलवियों पर दबाव बनाया है ताकि लोगों को उग्रवाद की राह पर जाने से रोका जा सके। जहां एक तरफ पाकिस्तान खुद के देश में शांति के लिए हरसंभव हथकंडा अपना रहा है, वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान खुद आतंक की पनाहगाह बना हुआ है और भारत में आतंकी घटनाओं को अंजाम दे रहा है।

# भगवान परशुराम ने असत्य का नाश कर धर्म की स्थापना की : कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा

## अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा ने मनाया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा द्वारा रविवार को विजयनगर स्थित जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल में भगवान परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। समारोह में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। समारोह का उदघाटन मुख्य अतिथि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, विशिष्ट अतिथि विधायक संजीव शर्मा व संस्था के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जे के गौड़ ने किया। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम ने अधर्म व असत्य का नाश कर धर्म व सत्य की स्थापना की।




### भगवान परशुराम को भगवान विष्णु का छठां अवतार माना गया : विधायक संजीव शर्मा

करंट क्राइम। विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम ने धर्म की रक्षा के लिए पृथ्वी पर अवतार लिया था। उन्होंने अत्याचारियों का नाश कर धर्म व न्याय की रक्षा की थी। भगवान परशुराम को भगवान विष्णु का छठां अवतार माना गया है। संस्था के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष पं. जे के गौड़ ने कहा कि भगवान परशुराम ने अक्षय तृतीया पर अवतार लिया है। इनकी शक्तियां अक्षय हैं, यानि जो कभी भी खत्म नहीं हो सकती हैं। समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश अध्यक्ष पं. पीताम्बर शर्मा ने कहा कि सदैव दीन-दुखियों की रक्षा की और पापियों का अंत किया। संस्था के जिलाध्यक्ष जयनंद शर्मा महानगर अध्यक्ष सुभाष शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। मंच संचालन पं. जयनन्द शर्मा ने किया एवं महानगर अध्यक्ष पं० सुभाष शर्मा ने समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों एवं बाहमण बन्धुओं का आभार प्रकट किया। पं. नरेन्द्र शर्मा, पं. अश्विनी शर्मा, राजू एम०पी शर्मा, राजू दरोगा, पं. बुद्ध प्रकाश शर्मा, पं. सुभाष शर्मा, पं. संदीप शर्मा, पं. आदेश शर्मा, पं. वाई.पी. शर्मा, पं. एस.डी. शर्मा, ओमदत्त कौशिक आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। प्रोग्राम के अन्त में रेनूका माता की रसोई का प्रसाद सभी ने ग्रहण किया।

# 10 मई को गाजियाबाद में मनाया जाएगा जनरल वीके सिंह का जन्मदिन

## गाजियाबाद के दिल की धड़कन माने जाते हैं मिजोरम के गवर्नर : अजय गुप्ता




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मिजोरम के गवर्नर, पूर्व सांसद एवं पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह 10 मई को गाजियाबाद आ रहे हैं। अपने चाहने वालों के बीच जन्मदिन के शुभ अवसर पर। जनरल वीके सिंह का स्वागत करने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पहुंचें, राजनगर-आर 2/27 निवास पर।

गाजियाबाद के पूर्व सांसद एवं पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह को गाजियाबाद के नागरिक कभी भुला नहीं सकते। हर शख्स के दिल में समाए हुए हैं। यह हर नागरिक का सौभाग्य है, जिनको विरासत में देशभक्ति मिली हो। जनरल वीके सिंह ने राजनीति के करियर की शुरूआत गाजियाबाद से ही की थी। गाजियाबाद का विकास चौमुखी कर दिखाया। मिजोरम के राज्यपाल होने के बावजूद 10 मई को दिन शनिवार सुबह 11:00 से 3:00 तक, हम सबके बीच रहकर अपना जन्म उत्सव मनाएंगे। सभी नागरिकों से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में उनके निवास पर पहुंचकर, उनकी खुशी में शामिल होकर, एक देशभक्त का मान सम्मान बढ़ाएं। जनरल वीके सिंह के जन्मदिन को लेकर गाजियाबाद के नागरिक बहुत उत्साहित हैं।

# श्रीराधा कृष्ण मंदिर कवि नगर में 41वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** श्रीराधा कृष्ण मंदिर कवि नगर मे मंदिर का 41वां वार्षिकोत्सव रावी सभा (पंजि.) गाजियाबाद द्वारा रविवार को अति हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल द्वारा सुंदरकांड पाठ से उत्सव का शुभारंभ करते हुए, मंडल के मुख्य गायक सलील श्रीवास्तव संग रावी सभा महिला मंडल की प्रतिनिधि सोनिया मिगलानी द्वारा मधुर संकीर्तन किया गया! गाजियाबाद की पूर्व महापौर आशा शर्मा की गरिमामय उपस्थिति के साथ, इस मौके पर अन्य अनेक भाजपा के कार्यकर्ताओं ने एवं जनपद के विभिन्न गणमान्य विभूतियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज की।

रावी सभा एवं श्रीराधा माधव संकीर्तन मंडल के अध्यक्ष जगदीश चंद्र साधना ने उपस्थित सभी प्रभु प्रेमियों का स्वागत कर सभा को संबोधित किया। रावी सभा के महामंत्री विजय छाबड़ा ने रावी सभा के संरक्षक हरबंस लाल मिगलानी, उपाध्यक्ष रमेश चंद्र बाठला, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश ज्ञानदा, उपाध्यक्ष संजीव रहेजा, उपाध्यक्ष अनिल तनेजा तथा वित्त सचिव हंसराज रहेजा के सानिध्य में सभा की वित्त वर्ष 2024-25 वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का एवं भक्तजनों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

तत्पश्चात भंडारा मंत्री हरीश बाठला नेआपका भवन परिसर में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण हेतु सभी उपस्थित प्रभु प्रेमियों को सादर आमंत्रित किया।

इसमें विशेष अतिथि के रूप में गुलशन बजाज के साथ मनन धाम के अन्य पदाधिकारी गण, इंडस्ट्रियल एरिया मैन्युफैक्चरर एसोसिएशन गा.बाद के अध्यक्ष सुशील अरोड़ा, उत्तम स्कूल फॉर गर्ल्स की प्रधानाचार्य शर्मिला रहेजा उपस्थित रहे।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा ने जातीय जनगणना जागरूकता का किया आयोजन

## पीएम मोदी के इस ऐतिहासिक निर्णय का गाजियाबाद में हुआ भव्य स्वागत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जातिगत जनगणना कराए जाने के ऐतिहासिक निर्णय का भव्य स्वागत किया गया। यह आयोजन रविवार प्रातः 11 बजे घंटाघर भाजपा ओबीसी मोर्चा, गाजियाबाद महानगर द्वारा किया गया। कार्यक्रम के संचालन में भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल एवं उत्तर प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेन्द्र कश्यप की विशेष उपस्थिति रही।



### सामाजिक समरसता और समावेशी विकास के लिए एक साहसिक कदम : नरेन्द्र कश्यप

**करंट क्राइम।** स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सामाजिक समरसता और समावेशी विकास के लिए एक साहसिक और दूरदर्शी निर्णय लिया है।

### इस निर्णय से सभी वर्गों को मिलेगी पहचान : मयंक गोयल

**करंट क्राइम।** भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा, यह निर्णय समाज के सभी वर्गों को उनकी असली पहचान और अधिकार दिलाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। **ओबीसी मोर्चा के महानगर अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा:** जातिगत जनगणना सिर्फ आंकड़े नहीं, बल्कि वंचित वर्गों के उत्थान की मजबूत नींव है। इस अवसर पर सौरभ जायसवाल, राजेश गुप्ता, देवेंद्र यादव, प्रदीप चौधरी, हरेंद्र चौधरी, भूपेश शर्मा, राम त्यागी, तनुज खन्ना सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, समाजसेवी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# एमएसआरटी ने जीता सेशन 4 टूर्नामेंट का तीसरा मुकाबला

## आकाश यादव को मैन ऑफ द मैच और नीरज झा को बॉलर ऑफ द मैच चुना गया




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पावर प्ले क्रिकेट ग्राउंड, ग्रेटर नोएडा (सेशन 4) टूर्नामेंट में खेले जा रहे लीग मैच का तीसरा मुकाबला एमएसआरटी और रॉयल स्ट्राइकर्स के बीच खेला गया।

रॉयल स्ट्राइकर्स के कप्तान ने टॉस जीतकर एमएसआरटी को पहले बल्लेबाजी का आमंत्रण दिया। एमएसआरटी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 257 रन पर 4 विकेट के नुकसान पर विशाल स्कोर खड़ा किया। एमएसआरटी की ओर से आकाश यादव ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 135 रन की शानदार पारी खेली। इसके अलावा रजनीश ने लगातार 6 चौके और सोनू ने लगातार 5 चौके लगाने का कारनामा किया। जवाब में रॉयल स्ट्राइकर्स की पूरी टीम 14.1 ओवरों में 117 रन पर ऑलआउट हो गई। इस तरह एमएसआरटी ने यह मुकाबला 140 रन से अपने नाम किया। एमएसआरटी की कप्तानी कर रहे अमित तिवारी ने शानदार रणनीति के तहत अपनी टीम के स्पिन गेंदबाजों का उपयोग किया, जिन्होंने मिडल ओवर्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए रॉयल स्ट्राइकर्स की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। गेंदबाजी में मुनेश शर्मा ने 2 विकेट, सोनू ने 3 विकेट, नीरज झा ने 3 विकेट, अनुराग शुक्ला ने 1 विकेट हासिल किया। एमएसआरटी की ओर से आकाश यादव को मैन ऑफ द मैच और नीरज झा को बॉलर ऑफ द मैच चुना गया। इस शानदार जीत पर ग्राउंड स्टाफ विपिन कुमार और एमएसआरटी टीम के वाइस कैप्टन रोहित ठाकुर ने टीम को जीत की शुभकामनाएं दीं।

# हापुड़ जिले में पहली बार वेडिंग एल्बम बनाने की आधुनिक मशीन लगी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हापुड़ जिले के पिलखुवा नगर में रेखा कलर लैब द्वारा फोटोग्राफी की कैनवरा वेडिंग एल्बम बनाने की आधुनिक मशीन लगाई गई। जिसका उद्घाटन हापुड़ सीओ जितेन्द्र शर्मा द्वारा किया गया। अब जिले के सभी फोटोग्राफरों को जिले से बाहर वेडिंग एल्बम बनवाने के लिए नहीं जाना पड़ेगा। अब जिले के सभी फोटोग्राफर पिलखुवा में कैनवरा वेडिंग एल्बम बनवा सकेंगे। इस अवसर पर सुधीर गहलौत, मनीष तोमर, यशवन्त सिंह, रामवीर सिंह तोमर, राजवीर तोमर एवं हापुड़ जिले के फोटोग्राफर उपस्थित रहे।

# श्री शिव हरी मंदिर में मनाया गया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव श्री शिव हरी मंदिर में रविवार को बड़ी ही धूमधाम से अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा गोविंदपुरम द्वारा मनाया गया। कार्यक्रम भगवान परशुराम की पूजा अर्चना व हवन द्वारा किया शुरू किया गया। इसके तत्पश्चात प्रसाद वितरित व जलपान कराया गया। इस अवसर पर पंडितजी द्वारा भगवान परशुराम के ऊपर अपना वक्तव्य दिया गया तथा सभी विप्रबंधों ने अपनी अपनी जानकारी के अनुसार भगवान परशुराम की जानकारी सभी को प्रदान की इस अवसर पर सभा अध्यक्ष महेश चंद्र शर्मा, महामंत्री राजेंद्र शर्मा ने सभी को धन्यवाद देते हुए सभा का समापन किया।






गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम बड़ी बारीकी से देख रहे थे फेसबुक पर त्यागी जी के खिलाफ त्यागी जी की फाईट? मामले में इतना अपार समर्थन मिल रहा था, 18 मिनट में मिले सिर्फ दो ही लाईक? कहने वाले ने कहा कि इस पर भी हमारा उन लाईक करने वालों पर था विशेष रूप से ध्यान? त्यागी जी के पक्ष में उठाई हुई थी मिस्टर नेहरा और मिस्टर भाटी ने लाईक वाली लाठी? मगर इन 18 मिनट में कोई भी बिरादरी वाला चेहरा नहीं हुआ लाईक वाली लिस्ट में विराजमान?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम अपनी दिल की हसरतें आपसे कहना चाह रहे है? मौज तो इस वक्त मित्तल जी, युवा गोयल जी, वैश्य वाले ओबीसी जायसवाल जी ले रहे हैं? हर तरफ सुनाई दे रहे इन्हीं के तराने हें? कहने वाले ने कहा काश हमें भी मिल जाये इनकी तरह किसी जनप्रतिनिधि का साथ? हमारे भी दिखाई देने लगे इन सबकी तरह ठाठ? मिल जाये हमें भी इन चेहरों की तरह मंच पर स्थान? बड़े-बड़े नेताओं से हो जायें हमारी भी मुलाकातें आसान? कहने वाले ने कहा हम भी कई दरों पर माथा टेक रहे हैं? मगर हमारा नहीं रख रहा है कोई भी ध्यान?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** लगता है पूर्व पार्षद ने अपने पुत्र से लव की खातिर बना ली है हाऊस टैक्स वाले मामले से दूरी? नहीं तो वो यूं चुप हो जायें, ऐसी तो नहीं दिखती है हमको मजबूरी? कहने वाले ने कहा वो अपने पुत्र की खातिर करते हैं अब राजनीति से दूर रहने का प्रयास? मगर कुछ ना कुछ ऐसा हो जाता है फिर वो नियंत्रण खो बैठते हैं साहब? लेकिन हम देख रहे हैं हाउस टैक्स वाले मुद्दे पर दिखा कर जोश हो गये हैं वो अब खामोश? या तो वो इस मुद्दें को भूल गये हैं या फिर मिली हैं उन्हे कुछ और ही डोज?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** क्रान्तिकारी विधानसभा में यूं तो क्रान्तिकारी वालों के सामने नहीं उठाता है कोई जल्दी से हथियार? मगर हम देख रहे हैं कसाना जी ने यहां पर अपना क्रान्तिकारी फसाना करना शुरू कर दिया है तैयार? पहले प्रेस कान्फ्रें स के माध्यम से वो खोल चुके हैं मोर्चा? हम देख रहे हैं वो अब 2027 के लिए भी खुद को कर रहे हैं तैयार? जब हमने उनके एक समर्थक से बात की, तो समर्थक ने स्पष्ट कर दिया कि हर सूरत में अब वो 2027 का चुनाव लड़ेंगे? दिखायें वो भी अपना क्रान्तिकारी किदार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पूर्व विधायक शर्मा जी के प्रिय शर्मा जी करते हैं उनसे बहुत ही ज्यादा प्यार? जिस जगह पर चलती है पूर्व विधायक की राजनीति? उनके प्रिय शर्मा वो ही चोला कर लेते हैं इख्तियार? सुना है आजकल उन्होंने खुद को राजनीति से दूर रखने का दिया हुआ है आदेश? किसी भी पोलिटिक्ल मूवमेंट में नजर नहीं आता है उनका फेस? कहने वाले ने कहा अब ये तो पूर्व विधायक को सोचना है? अगर वो ऐसे ही खामोश रहे तो कैसे मजबूत होगा उनके ऐसे प्रबल समर्थकों का राजनीति में बेस?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम बड़ी बारीकी से देख रहे हैं भाजपा संगठन में भगवा योद्धा का काम? पुराने संगठन के 90 प्रतिशत साथी नहीं करते दिख रहे हैं काम? मगर आप ये मत सोचो कि ये सब चेहरे नहीं पाना चाहते हैं भगवा योद्धा की टीम में स्थान? ये लगा रहे हैं अपने आकाओं के दरबार में हाजरी? कोई तोमर साहब से खिलाना चाहता है अपनी उम्मीदों का चमन? कोई मिस्टर वॉल पर रख रहा है ध्यान? किसी ने बनाया हुआ है शिशौदिया जी को ढाल? तो कोई चेहरा अभी से करके चल रहा है शाही इंतेजाम?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवागढ़ में इन दिनों गूंज रही है शर्मा जी की गुंजन? इस वक्त वो भगवा योद्धा के साथ पूरी मजबूती से कर रहे हैं काम? सुना है उन्होंने उनके स्वागत का भी बना लिया है जोरदार प्लान? उन्होंने इस स्वागत के लिए कर ली है प्रचार वाली सामग्री भी तैयार? मगर इस सामग्री में हमें एक जनप्रतिनिधि के नहीं हो रहे हैं दीदार? कहने वाले ने कहा शर्मा जी बड़े शार्प हैं, वो जानते हैं एक तीर से किये जाते हैं कैसे दो शिकार? वैसे भी उन्हें कहां मिला था उम्मीद के मुताबिक पूर्व वालों का प्यार?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नगर विकास मंत्री जी का आरडी जी, केडी जी और महेश जी की मेहनत से सफल हुआ प्रोग्राम? सुना है प्रोग्राम के बाद महेश जी तो जयपुर चले गये? मगर आरडी जी ने कार्यक्रम में आने वालों के लिए रखा ऑफ्टर थैंक्स वाला प्रोग्राम? कहने वाले ने कहा शुक्रिया वाला बुके लेकर वो गये सांसद से लेकर विधायकों के पास? मगर हमने देखा इन मुलाकातों में केडी जी नजर नहीं आ रहे थे उनके साथ? कहने वाले ने कहा कि जनरली केडी जी नहीं गये आरडी जी के साथ? प्रोग्राम, प्रोग्राम की जगह है, प्रोग्राम खत्म होने के बाद फिर से जुड़ जाते हैं दिल के जज्बात?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम बैठे थे विधायक जी के कार्यालय पर? वहां पर बातें हो रही थी अनेक? कहने वाले कह रहे थे क्या भगवा योद्धा इस बार काटेंगे किसी के साथ स्पेशल वाला केक? कहने वाले ने कहा उस दिन वैसे भी है एक दूसरा प्रोग्राम? क्या उस व्यस्ततम प्रोग्राम में से समय निकालकर भगवा योद्धा देंगे क्या केक सेरेमनी पर ध्यान? कहने वाले ने कहा सब कुछ भविष्य के गर्त में छुपा है? वैसे भी भगवा योद्धा आखिरी मूमेंट तक ओपन नहीं करते हैं अपना प्लान?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवा मिस्टर शुक्ला वैसे तो नजर आते हैं संगठन की गतिविधियों से लेकर संघ की गतिविधियों में इधर से उधर? मगर अब उनकी राजनीति किस दिशा में चलेगी? हमें रहती है इस बात की फिक्र? हमने देखा जब से हुई है उनकी घर वापसी तब से उन्हें नहीं मिला है कोई बड़ा काम? अब हमें इंतजार प्रदेश और क्षेत्र की टीम की घोषणा का है? हम इंतजार कर रहे हैं कि क्या उसमें आयेगा इनका नाम? रहता तो हमारा भाई सांगवान भी खामोश है? आखिर शुक्ला जी से ही तो जुड़े हैं उनके भी दिल के अरमान?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। एक पिता की तमन्ना होती है कि उनका पुत्र सफलता की दौड़ में उनसे आगे निकले। उपेंद्र सिंह सिसोदिया ने अपने बेटे सोहम सिंह राणा के जन्मदिन पर उनके लिए हर सफलता की कामना की। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।